

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-69 सीहोर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# अपनों की गद्दारी से हुआ पहलगाम हमला!, 15 कश्मीरी ओवरग्राउंड वर्कर संदिग्ध, आतंकियों की मदद का शक



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के जरिये 15 स्थानीय कश्मीरी ओवरग्राउंड वर्कर्स की पहचान हुई है, जिनपर पाकिस्तानी आतंकियों की मदद करने का शक है। इन पर संसाधन जुटाने, हथियार मंगवाने और जंगलों में आतंकियों का मार्गदर्शन करने का आरोप है।

सूत्रों के मुताबिक, पांच मुख्य संदिग्धों पर फोकस किया गया है, जिनमें से तीन को पकड़ लिया गया है और उनकी गिरफ्तारी की तैयारी चल रही है। हमले के वक्त सभी पांच संदिग्ध इलाके में मौजूद थे और उनके फोन की लोकेशन भी सामने आई है। हिरासत में लिए गए तीनों आरोपियों के बीच की एक चैट भी बरामद हुई है, जिसमें हमले में उनकी भूमिका का जिक्र है।एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस, इंटेलिजेंस ब्यूरो और रॉ की संयुक्त टीम 10 अन्य OGW से पूछताछ कर रही है। 200 से ज्यादा ओवरग्राउंड वर्कर्स को हिरासत में लेकर पूछताछ हो चुकी है। इनमें 20-25 ऐसे OGW हैं जो पाकिस्तान के आतंकियों के संपर्क में रहने और उन्हें शरण देने के लिए पहले से कुख्यात हैं। 15 संदिग्ध OGW दक्षिण कश्मीर के रहने वाले हैं और पहले भी कई आतंकी घटनाओं में पाकिस्तानी आतंकियों की मदद कर चुके हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि 4-5 आतंकियों की टीम ने हमला किया था, जिसमें दो पाकिस्तानी और दो स्थानीय कश्मीरी शामिल थे। फिलहाल सुरक्षाबलों ने बैसरन घाटी के जंगलों में आतंकियों की तलाश तेज कर दी है। माना जा रहा है कि हमलावर अभी भी घने जंगलों में छिपे हो सकते हैं। पूरे इलाके में तलाशी अभियान लगातार जारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, हिरासत में लिए गए 15 OGW से मिली जानकारियों के आधार पर हमले की साजिश के सभी पहलुओं को जोड़ने की कोशिश की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई हो सके।

### पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक्शन, डोडा में 13 जगहों पर छापेमारी; श्रीनगर में 63 ठिकानों की तलाशी

डोडा/श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरे प्रदेश में एक्शन मोड में हैं। इसी कड़ी में सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले के 13 विभिन्न स्थानों पर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने और आतंकी नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ बड़ी छापेमारी अभियान चलाया।डोडा में यह कार्रवाई पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत और कई के घायल होने के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच की गई। पुलिस का मकसद आतंकवाद से जुड़े किसी भी साजिशकर्ता, ओवर ग्राउंड वर्कर या आतंकी सहयोगी तक पहुंचना है।इसी बीच श्रीनगर पुलिस ने भी बड़ी कार्रवाई करते हुए पूरे शहर में 63 व्यक्तियों के आवासों पर एक साथ तलाशी ली। पुलिस ने यह तलाशी उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत, कार्यकारी मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में की। तलाशी के दौरान हथियार, संदिग्ध दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किए गए। पुलिस का कहना है कि इस व्यापक तलाशी अभियान का उद्देश्य राष्ट्र विरोधी साजिशों और आतंकी गतिविधियों के खिलाफ साक्ष्य जुटाना और खुफिया जानकारी एकत्र करना है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ जिले के सारंगपुर में गौ-सेवा की।

# नियंत्रण रेखा पर फिर गोलीबारी, सेना ने पाकिस्तान को दिया मुंहतोड़ जवाब



जम्मू ,(आरएनएस)। आतंकवाद पर हो रहे प्रहार से घबराया पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी करने से बाज नहीं आ रहा है। 27-28 अप्रैल की रात पाकिस्तान की सेना ने एक बार फिर से नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी की है। बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान की सेना ने अब नियंत्रण रेखा के उस पार से कुपवाड़ा और पुंछ के सीमावर्ती इलाकों में फायरिंग की है। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग करते हुए पाकिस्तान को इस गोलीबारी का करारा जवाब दिया है। गौरतलब है कि आतंकवादियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई से घबराए पाकिस्तान ने शुक्रवार से नियंत्रण रेखा पर फायरिंग शुरू की है। इससे पहले 26-27 अप्रैल की रात को पाकिस्तान की सैन्य चौकियों से तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के सामने के इलाकों में गोलीबारी की गई थी, जिसका सेना ने माकूल जवाब दिया था। सेना के मुताबिक 27-28 अप्रैल की रात को, पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के अपोजिट क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा के पार से बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव 30 अप्रैल को करेंगे श्रमिक परिवारों को राशि वितरित

### अनुग्रह सहायता योजना के 27,523 प्रकरणों में 600 करोड़ रूपये की राशि की जाएगी अंतरित

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि रूपये 600 करोड़ सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। कार्यक्रम में श्रम व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि, हितग्राही उपस्थित रहेंगे।मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबंल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है एवं इन्हें भी संबल योजना के अंतर्गत समस्त लाभ प्रदान किये जा रहे हैं।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच हुई अहम मुलाकात, करीब 40 मिनट तक हुई बात

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षामंत्री के बीच यह बैठक करीब 40 मिनट तक चली।

पीएम मोदी के पास जाने से पहले रक्षामंत्री ने सोमवार को ही आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी से रक्षा मंत्रालय में मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से सेना की तैयारी, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए कदम और सीमाओं की स्थिति की जानकारी ली।वहीं सोमवार को भारत और फ्रांस के बीच नौसेना के लिए 26 राफेल मरीन विमानों का सौदा भी होना है। इस डील से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) द्वारा फ्रांस से 26 राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दी गई है। हाल ही में मिली इस मंजूरी के बाद अब यह डील होने जा रही है। इसके तहत नौसेना के लिए मरीन (एम) श्रेणी के राफेल लड़ाकू विमान खरीदे जा रहे हैं।

# 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को एनआईए ने कोर्ट में किया गया पेश, हिरासत 12 दिन के लिए बढ़ी




नई दिल्ली, (आरएनएस)। पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की हिरासत 12 दिनों के लिए बढ़ा दी है। एनआईए की अर्जी पर सोमवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। राणा को उसकी 18 दिन की एनआईए हिरासत की समाप्ति पर कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष एनआईए न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह के समक्ष पेश किया गया।

वरिष्ठ वकील दयान कृष्णन और विशेष सरकारी अभियोजक नरेन्द्र मान द्वारा चैम्बर कार्यवाही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी का प्रतिनिधित्व किया। वहीं दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा तहव्वुर राणा का पक्ष रखा। 26/11 मुंबई हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में तहव्वुर हुसैन राणा अहम नाम है। उसे मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली का करीबी माना जाता है। हेडली और राणा स्कूल के समय से दोस्त थे। हेडली ने बाद में स्वीकार किया था कि वह लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। इस आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। पाकिस्तान में ट्रेनिंग लेकर आए 10 आतंकियों ने आधुनिक हथियारों से लैस होकर मुंबई में भीड़भाड़ वाली जगहों को निशाना बनाया था। इस दौरान 160 से अधिक लोग मारे गए थे और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। मुंबई आतंकी हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था। राणा को लेकर दिल्ली पहुंची राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष टीम में तीन अधिकारियों का सबसे अहम रोल रहा। जिन अधिकारियों ने राणा को अमेरिका से भारत लाने में अहम भूमिका निभाई है, उसमें 1997 बैच के झारखंड कैडर के आईपीएस आशीष बत्रा, छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अधिकारी प्रभात कुमार के अलावा झारखंड कैडर की महिला आईपीएस जया रॉय शामिल हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी, जिसे फरवरी 2025 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंतिम रूप से स्वीकृति दी।

### उमर अब्दुल्ला बोले- ऐसी मांग करूं तो मुझ पर लानत है..., 'बंदूक से आतंकवाद को नियंत्रित कर सकते हैं खत्म नहीं

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने सोमवार को एक दिवसीय विशेष सत्र में पहलगाम में पर्यटकों पर 22 अप्रैल को हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर गहरा सदमा और पीड़ा व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनके पास इस घटना पर माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं।सीएम अब्दुल्ला ने कहा, हम बंदूक के जरिए आतंकवाद को नियंत्रित कर सकते हैं उसे खत्म नहीं कर सकते। उन्होंने ये भी कहा कि जम्मू-कश्मीर की सिक्योरिटी जम्मू कश्मीर की निर्वाचित सरकार की जिम्मेदारी नहीं, लेकिन मैं इस मौका का इस्तेमाल स्टेटहुड के लिए नहीं करूंगा। इस मौके पर कोई सियासत नहीं, कोई स्टेटमेंट नहीं, सिर्फ हमले की कड़ी निंदा होनी चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा, 'इस मौके पर मैं जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य के दर्जे की मांग नहीं करूंगा। मैं किस मुंह से जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य के दर्जे की मांग कर सकता हूं। हम हमेशा राज्य के दर्जे की डिमांड करेंगे, लेकिन आज यदि ऐसी मांग करूं तो मुझ पर लानत है।'






### रेप पीड़िता ने आरोपी से की शादी, हाईकोर्ट ने रद्द किया मुकदमा, जानें जज ने क्या कहा

जोधपुर (आरएनएस)। राजस्थान हाई कोर्ट ने रेप के एक मामले को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि विवाह एक पवित्र और दिव्य मिलन है और इसमें मुकदमेबाजी से बाधा नहीं डाली जा सकती। यह फैसला एक ऐसे मामले में आया है जहां रेप पीड़िता ने अपने ही आरोपी से शादी कर ली। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस फैसले को भविष्य में ऐसे मामलों को रद्द करने के लिए मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।जस्टिस ने अपने फैसले में विवाह के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विवाह को दो व्यक्तियों के बीच एक पवित्र बंधन माना जाता है, जो न केवल शारीरिक बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक स्तर पर भी जुड़ा होता है। प्राचीन हिंदू मान्यताओं का जिक्र करते हुए जज ने कहा कि विवाह धर्म, अर्थ और काम की पूर्ति के लिए किया जाता है और यह एक बंधन से कहीं बढ़कर है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए पद्म सम्मान



नई दिल्ली (ए) । सोमवार शाम को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अजीत कुमार, नंदमुरी बालकृष्ण और शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया। इस बीच गायक अरिजीत सिंह, जसपिंदर नरूला और दिग्गज अभिनेत्री ममता शंकर को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया। यहां जानिए किन हस्तियों को मिला पुरस्कार। दिग्गज सिंगर रहे पंकज उधास को मरणोपरांत कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से नवाजा गया। उनकी पत्नी फरीदा पंकज उधास ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से ये अवॉर्ड रिसीव किया। सुपरस्टार अजित कुमार ने भी पद्म भूषण अवॉर्ड हासिल किया।

पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले आर अश्विन को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया है। अश्विन समेत कई अन्य खिलाड़ियों को भी पद्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इसमें हॉकी खिलाड़ी आर श्रीजेश का भी नाम शामिल है।सोमवार 28 अप्रैल को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आर अश्विन को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में पीएम मोदी समेत कई बड़े सितारे भी मौजूद थे। अश्विन यह अवॉर्ड लेने वाले 40वें भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। इससे पहले जहीर खान, सचिन तेंदुलकर, गौतम गंभीर समेत कई अन्य प्लेयर्स को यह अवॉर्ड दिया जा चुका है। 2023 में गुरचरण सिंह को इस अवॉर्ड से नवाजा गया था।

पीआर श्रीजेश को भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। पिछले साल हॉकी से संन्यास लेने वाले हॉकी के महान खिलाड़ी को भारतीय हॉकी इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक माना जाता है।। श्रीजेश ने पुरुष हॉकी में भारत के लगातार दो ओलंपिक पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई थी।

### पाकिस्तान पर भारत की 'डिजिटल स्ट्राइक', 16 बड़े पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर लगाया बैन

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार कड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में मोदी सरकार ने अब एक और बड़ा फैसला लेते हुए पाकिस्तान स्थित 16 बड़े यूट्यूब चैनलों को प्रतिबंधित कर दिया है।गृह मंत्रालय की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने यह कार्रवाई की है। इन यूट्यूब चैनलों पर भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ, झूठे और भ्रामक बयान तथा गलत सूचनाएं प्रसारित करने का आरोप है।सरकार का मानना है कि ये चैनल सुनियोजित तरीके से भारत में अस्थिरता फैलाने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली सामग्री फैला रहे थे। इन चैनलों के कंटेंट से देश में सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने का भी खतरा था। इस 'डिजिटल स्ट्राइक' को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर बढ़ते दबाव और भारत के सख्त रुख के तौर पर देखा जा रहा है। सरकार द्वारा बैन किए गए यूट्यूब चैनलों के नाम निम्नलिखित हैं, ये वे चैनल हैं जो लगातार भारत विरोधी दुष्प्रचार में शामिल थे।

# सूने घर ने चोरों ने की सेंधमारी, जानिए कैसे देर रात मुन्नी और हेमा समेत 22 सहेलियों को ले उड़े चोर

मैहर (ए)। मध्यप्रदेश के मैहर से चोरी की हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। यहां अज्ञात चोर एक सुने घर से लक्ष्मी, रानी और हेमा सहित 22 सहेलियों को ले गए। इस वरदात की शिकायत के बाद अब पुलिस चोरो की तलाश कर रही है।

दरअसल, ताला थाने में दर्ज हुई एक एफआईआर ने सबके होश उड़ा दिए। जब पीड़ित ने अपनी आप बीती सुनाई तो पुलिस भी चौकन्ना रह गई। चौंकाने वाली बात ये थी कि ताला थाना क्षेत्र के ललितपुर निवासी कुंजीलाल यादव ने बताया कि वो अपने पूरे परिवार के साथ शादी समारोह में गया हुआ था। इस दौरान घर में रानी, लक्ष्मी, हेमा और मुन्नी सहित कुल 24 बकरियां बंधी हुई थी। सूने घर का फायदा उठाते हुए घर में अज्ञात चोरों ने घुसकर बकरियों को पार कर दिया। सभी बकरियों की उम्र लगभग बराबर थी। सब एक साथ ही रहती थी, ये बात शायद चोर की भी पता थी। शायद यही वजह रही की चोर ने एक साथ बकरियों से भरे पूरे घर को ही खाली कर दिया।

पीड़ित कुंजीलाल यादव ने आज ताला थाना पहुंचकर



शिकायती आवेदन दिया है, जिसके बाद अब पुलिस बकरियों की तलाश कर रही है। पीड़ित के मुताबिक, वो काफी पुरानी बकरियां हैं, जो उसके परिवार की तरह थी। सभी बकरियों को वो उनके नाम से पुकारता था, अचानक चोरी हो जाने से अब वो पुलिस से मदद की गुहार लगा रहा है।

पीड़ित कुंजीलाल यादव ने बताया कि बड़े भाई के बेटे की शादी थी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह रीवा जिला गया हुआ था। सुबह अचानक घर कॉल आया कि 22 बकरियों को चोर चुरा ले गए, जिसके बाद वो अपने घर आया और थाना ताला पहुंचा। जहां उसने पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल, पुलिस अब चोरी गई इन बकरियों की तलाश में जुट गई है।

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पीए पर कैब चालक ने किया प्राणघातक हमला, ज्यादा सामान रखने को लेकर विवाद

इंदौर (ए.)। मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पीए रवि विजयवर्गीय का कैब चालक से विवाद हो गया। इसके बाद चालक ने चाकू से तीन वार रवि पर किए। उन्हें गंभीर रुप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। रवि ने अपने बच्चों को स्टेशन तक छोड़ने के लिए उबर से कैब बुक की थी। कैब चालक रवि अहिरवार ने सामान ज्यादा होने पर आपत्ति ली और कहा कि इतना सामान कार में नहीं आ पाएगा। इसे लेकर चालक का रवि से विवाद हो गया। इसके बाद चालक शैलेश ने चाकू निकाला और वार करना शुरू कर दिया।



## खसरे में नाम सुधरवाने की पटवारी ने मांगी रिश्वत, लोकायुक्त ने रंगे हाथ पकड़ा

शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी जिले के खनियांधाना में लोकायुक्त पुलिस ने एक पटवारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। ग्वालियर लोकायुक्त कार्यालय में इस मामले में शिकायत हुई थी। शिकायत के बाद लोकायुक्त ने छापामार कार्रवाई करते हुए पटवारी को रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ लिया। बताया जाता है कि शिकायतकर्ता की भूमि के खसरे में बुआ के पिता का नाम गलत लिखा था। इस नाम को सुधरवाने के लिए पटवारी ने रिश्वत के तौर पर पैसे मांगे थे। इसकी शिकायत शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त ग्वालियर को की थी इसके बाद यह छापामार कार्रवाई की गई।

## इंदौर में 18 जगह ईडी के छापे, आबकारी विभाग के अफसर और ठेकेदारों के ठिकानों पर सुबह पहुंची टीम

इंदौर (ए.)। इंदौर में फर्जी आबकारी चालान घोटाले में फंसे अफसर और शराब ठेकेदारों के 18 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को छापे मारे। सुबह छह बजे ईडी के अफसरों की टीम ने एक साथ गई। उनके साथ सीआरपीएफ के जवान भी थे।




घोटाले से जुड़े दस्तावेज के अलावा बैंक खातों की भी जांच की गई।

इंदौर में बसंत विहार, महालक्ष्मी नगर, तुलसी नगर में अफसरों और शराब ठेकदारों के मकानों पर छापे मारे गए है। अफसरों की मिलीभगत से ठेकदार फर्जी चालान भरते थे और राशि को खजाने में जमा दिखाया जाता था। यह घोटाला 100 करोड़ का है। वर्ष 2018 में यह घोटाला सामने आया था। तब छह अधिकारी व कर्मचारी निलंबित हुए थे और 14 ठेकेदारों के खिलाफ प्रकरण भी दर्ज किए गए थे। इंदौर में राकेश जायसवाल ग्रुप, योगेंद्र जायसवाल, अविनाश और विजय श्रीवास्तव, राहुल चौकसे, गोपाल शिवहरे,सूर्यप्रकाश अरोरा और प्रदीप जायसवाल के घर और दफ्तरों में पहुंचे ईडी के अफसरों ने घोटाले से जुड़े दस्तावेज जांचे और सबूत जुटाए।

**194 फर्जी चालान सामने आए**

वर्ष 2018 में यह घोटाला सामने आया था, लेकिन उससे पहले तीन साल तक धीरे-धीरे सरकार के खजाने में सेंध लगाई जा रही थी। तब इंदौर में सहायक आबकारी आयुक्त संजीव कुमार दुबे थे। जमा चालानों का मिलान नहीं किया गया, इस कारण घोटाला लगातार जारी रहा और 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के चालानों की फर्जी एंट्री दिखाई गई। साल भर पहले ईडी ने इस घोटाले की जांच अपने हाथ में ली थी। इसके बाद अब छापे मारे जा रहे है।

# शादी समारोह के दौरान चार वर्षीय मासूम से हैवानियत, सड़क पर गंभीर हालत में मिली



जबलपुर (ए.)। एक गांव में पड़ोस में विवाह समारोह के दौरान चार वर्षीय बच्ची के साथ दुराचार की शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुराचार और पास्को के तहत प्रकरण दर्ज कर किया है। घायल बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। उपचाररत बच्ची की हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना प्रभारी धन्नू सिंह के अनुसार थाना अंतर्गत स्थित ग्राम में विगत 26 अप्रैल को विवाह समारोह था। गांव में पान उमरिया से बारात आई हुई थी। पड़ोस में रहने वाली महिला ने विवाह समारोह में शिरकत करने अपनी चार वर्षीय बच्ची को तैयार किया था। इसके बाद बच्ची मकान के ऊपरी हिस्से में रहने वाली ताई के घर गई थी और नीचे आने के बाद गायब हो गई। बच्ची की मां भी तैयार होने के बाद विवाह समारोह में शामिल होने चली गई थी। बच्ची के नहीं मिलने पर उसकी तलाश की। रात लगभग 10 बजे बच्ची घर से लगभग दो सौ मीटर दूर सड़क में मिली।

परिजन बच्ची को लेकर घर पहुंचे पता चला कि उसके गुप्तांग से खून निकल रहा है। परिजनों ने घटना कर रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर बच्ची को उपचार के लिए जबलपुर स्थित एलगिन महिला अस्पताल में भर्ती किया कराया है। अस्पताल में बच्ची का उपचार जारी है और उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्र करने खुफिया तंत्र मजबूत कर दिया है।

# खोजनखेड़ा से एक साथ उठी छह अर्थियां, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया दुख, मुआवजे की घोषणा



रतलाम (ए.)। मंदसौर में रविवार को हुए हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में 8 लोग रतलाम जिले के और 2 उज्जैन तथा 2 मंदसौर के शामिल हैं। रविवार को ही सभी मृतकों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए थे, जिसके बाद सोमवार को मृतकों का अपने-अपने गांव में अंतिम संस्कार किया गया। मंदसौर जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम काचरिया कदमाला में रविवार को हुए हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में सबसे ज्यादा 6 लोग रतलाम जिले के ग्राम खोजनखेड़ा के शामिल थे। सोमवार को खोजनखेड़ा से जब एक साथ 6 अर्थियां उठीं तो गांव में चीख पुकार मच गई और हर किसी के आंखें नाम हो गईं। रविवार को मंदसौर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शवों को उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया था।

**मनोहर सिंह के परिवार को नौकरी और मरणोपरांत सम्मान देगी एमपी सरकार**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंदसौर के काचरिया चौपाटी पर हुई घटना हृदय विदारक है। हादसे में 12 लोगों की असमय मृत्यु हो गई। वहीं ग्रामीण मनोहर सिंह ने अपनी जान पर खेलकर चार लोगों की जान बचाकर खुद जान गंवा दी। ऐसे बहादुर को मरणोपरांत सम्मान तथा परिवार के एक सदस्य को एमपी सरकार द्वारा शासकीय नौकरी दी जाएगी।

## तेज रफ्तार बोलेरो पेड़ से टकराई, चालक की मौत, शहडोल-रीवा मुख्य मार्ग की घटना



शहडोल शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बोलेरो ने पेड़ से टकराकर चालक की मौके पर ही जान ले ली। यह घटना बीती रात हुई, जब वाहन बाणसागर से ब्यौहारी की ओर जा रहा था। मृतक की पहचान 45 वर्षीय विनय कुमार गुप्ता के रूप में हुई है, जो बाणसागर के निवासी थे। घटना के समय वाहन चालक विनय वाहन में अकेले ही सवार थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय वाहन की गति अत्यधिक थी और अचानक पेड़ के साथ टकराने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

# व्यापार समाचार

# सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद अक्षय तृतीया पर खरीदारी की उम्मीद, बाजार में ये चर्चा

मुंबई (ए.)। अक्षय तृतीया के अवसर पर सोने की कीमतें अपने उच्च स्तर पर बनी हुई है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में सोने की कीमतों में काफी गिरावट भी आई, जिसका मुख्य कारण मुनाफाखोरी और अमेरिकी डॉलर में नए सिरे से दिलचस्पी का उभरना रहा। ज्वेलर्स और उद्योग जगत का कहना है भारतीय उपभोक्ता इस अक्षय तृतीया पर कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद सोना खरीदना जारी रखेंगे। खरीदार अपनी आवश्यकता अनुसार आभूषण ले रहे हैं। वे कम वजन के आभूषणों से लेकर गोल्ड ईटीएफ, डिजिटल सोना ओर सिक्के सहित बार व सोने के विभिन्न रूपों में खरीदारों ने मजबूत रुचि दिखा रहे हैं। ज्वेलर्स का यह भी कहना है कि उपभोक्ता अक्षय तृतीया यानी 30 अप्रैल 2025 को सोने की कीमतों को देखकर भी खरीदारी का फैसला ले सकते हैं।



**ऊंची कीमतों के बावजूद सोने के प्रति लोगों की भावना मजबूत**

पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल ने अमर उजाला डॉटकॉम को बताया कि सोने में रिकॉर्ड कीमतों के बाद भी, निवेश वर्ग और समृद्धि के प्रतीक के रूप में सोने के प्रति उपभोक्ताओं की भावना मजबूत बनी हुई है। हमें अक्षय तृतीया पर सोने की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि उच्च कीमतें पिछले साल की तुलना में वॉल्यूम वृद्धि को कम कर सकती हैं, लेकिन हमें उम्मीद हैं कि मूल्य के संदर्भ में वृद्धि से इसकी भरपाई हो जाएगी। हम बिक्री पर फिलहाल कोई दबाव नहीं देख रहे हैं। इससे अलग सोने को सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश के रूप में देखा जाता रहा है, खासकर वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए। उनका कहना है हम इस त्योहारी सीजन में मजबूत बिक्री की उम्मीद करते हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलरी एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार जैन बताते हैं कि फिलहाल सिक्के और बार में बुकिंग काफी समय पहले से हो चुकी है। लेकिन पिछले साल की तुलना में यह काफी कम है। बावजूद इसके अक्षय तृतीया पर बिक्री उम्मीद है।

## अटारी-वाघा बॉर्डर बंद होने से व्यापार प्रभावित, ड्राई फ्रूट्स हुए महंगे

### - अफगानिस्तान से आने वाली सप्लाई की रोक लगने से आपूर्ति में गिरावट




मुंबई (ए.)। भारत-पाकिस्तान सीमा पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने अमृतसर के अटारी-वाघा बॉडर को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। जिससे भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाले ड्राई फ्रूट्स से संबंधित व्यापार प्रभावित हो रहा है। ड्राई फ्रूट्स का कारोबार खासकर प्रभावित हो रहा है, जहां अफगानिस्तान से आने वाली सप्लाई की रोक लगने के कारण उनकी आपूर्ति में अधिकतम गिरावट हो रही है। इस परिणामस्वरूप बाजार में ड्राई फ्रूट्स के दाम 10 से 15 फीसदी तक बढ़ गए हैं। यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में यह कीमतें और भी बढ़ सकती हैं। अफगानिस्तान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, और दक्षिण अफ्रीका से आने वाली ड्राई फ्रूट्स की आपूर्ति की मुख्य मंडियों में हलचल मच गई है।




## यूट्यूब ने गुंजन सोनी को भारत के लिए कंट्री मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया, दी गई यह जिम्मेदारी

नई दिल्ली (ए.)। यूट्यूब ने सोमवार को गुंजन सोनी को भारत के लिए कंट्री मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त करने का एलान किया। सोनी ने इससे पहले जालोरा, स्टार इंडिया और मिंत्रा में सफलतापूर्वक काम किया है। पिछले साल ईशान चटर्जी के जाने के बाद सोनी ने कंपनी में नई भूमिका संभाली है। अल्फाबेट के स्वामित्व वाले वीडियो प्लेटफॉर्म यूट्यूब ने एक बयान में कहा कि व्यवसाय, प्रौद्योगिकी, मार्केटिंग और ई-कॉमर्स में दो दशकों से अधिक के नेतृत्व अनुभव के साथ, सोनी भारत में यूट्यूब के विकास और नवाचार प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। सोनी यूट्यूब में जलोरा से शामिल हुई हैं। वहां, उन्होंने सिंगापुर में छह साल तक ग्रुप सीईओ के रूप में काम किया। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने नई श्रेणियों और व्यावसायिक मॉडलों को पेश करने, नवाचार को बढ़ावा देने उपयोगकर्ताओं के अनुभव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगीं। सोनी के पास भारतीय मीडिया और मार्केटिंग का भी अच्छा अनुभव है, उन्होंने स्टार इंडिया में ईवीपी और मिंत्रा में सीएमओ के तौर पर काम किया है। इससे पहले, वह मैकिन्से में कंज्यूमर और मार्केटिंग प्रैक्टिस में पार्टनर थीं। वह फॉर्च्यून 500 कंपनी सीबीआरई ग्रुप के बोर्ड में काम करती हैं।

यूट्यूब एशिया-पेसिफिक के उपाध्यक्ष गौतम आनंद ने कहा, "भारत में यूट्यूब की यात्रा जीवंत और गतिशील बनी हुई है। यह अपार रचनात्मक ऊर्जा और क्षमता से भरे देश का प्रतिनिधित्व करती है। क्रिएटर अर्थव्यवस्था और भारत के वीडियो कॉमर्स परिदृश्य के बारे में गुंजन की गहरी समझ, उनके नेतृत्व के साथ मिलकर हमें क्रिएटर विकास में तेजी लाने, नए अवसरों को खोलने, उपयोगकर्ताओं को जोड़ने और भारत की डिजिटल यात्रा में सार्थक योगदान देने में मदद मिलेगी।"

सोनी ने कहा कि जिस तरह से यूट्यूब भारत भर में रचनाकारों को सशक्त बनाता है और समुदायों को जोड़ता है, वह "वास्तव में प्रेरणादायक" है। उन्होंने कहा, "मैं इस गतिशील टीम में शामिल होकर और ऐसे मंच का नेतृत्व करके रोमांचित महसूस कर रही हूं, जिसने लंबे समय से भारत की क्रिएटर इकोनॉमी का समर्थन किया है।"

## 29 अप्रैल से 4 मई के बीच तीन दिन बंद रहेगा शेयर बाजार, जाने क्यों

मुंबई (ए.)। शेयर बाजार हर सप्ताह शनिवार और रविवार को बंद रहता है, लेकिन इस सप्ताह यह तीन दिन बंद रहेगा। हर सरकारी छुट्टी पर शेयर बाजार बंद रहता है, लेकिन इस बार 29 अप्रैल से 4 मई के बीच शेयर बाजार में तीन दिन बंद रहेगा। शेयर बाजार के अवकाश बैंकों व अन्य सरकारी छुट्टियों से अलग होते हैं। लिहाजा स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेडिंग केवल विशेष परिस्थितियों में ही बंद होती है।

इस सप्ताह बाजार में शनिवार और रविववार को अवकाश रहेगा, 1 मई यानी गुरुवार को भी स्टॉक मार्केट में अवकाश रहेगा। दरअसल, 1 मई को ही महाराष्ट्र दिवस मनाया जा रहा है। साल 1960 में ही महाराष्ट्र राज्य की स्थापना हुई थी। लिहाजा 1 मई को ही महाराष्ट्र और मजदूर दिवस भी मनाया जाता है। इस वजह से 1 मई को बाजार बंद रहेगा। शेयर बाजार इस साल अक्षय तृतीया के मौके पर भी खुला रहेगा। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का त्यौहार मनेगा।

# अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर का प्रभाव अब चीनी कंपनियों तक

### >>> चीनी कंपनियों ने हजारों कर्मचारियों को भेजा घर

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका-चीन ट्रेड वॉर का प्रभाव अब चीनी कंपनियों तक पहुंच गया है। हालात इतने बिगड़ गए हैं कि चीन के बड़े एक्सपोर्ट फैक्ट्रियों पर ताले लगने लगे हैं और हजारों कर्मचारियों को घर भेजा जा चुका है। टैरिफ के दबाव में आकर खिलौने, खेल का सामान और सस्ते प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियों ने उत्पादन ठप कर दिया है। गोल्डमैन सैक्स के मुताबिक, अमेरिका को निर्यात करने वाले सेक्टर



में काम कर रहे 1 से 2 करोड़ चीनी कर्मचारियों की नौकरियों पर अब गहरा संकट मंडरा रहा है। कंपनियां नए बाजारों की तलाश में भटक रही हैं, जिससे वैश्विक व्यापार समीकरणों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

चीन की कई कंपनियां अब अमेरिका पर निर्भर नहीं रहना चाहतीं। वे यूरोप, लैटिन अमेरिका और भारत जैसे बाजारों की तरफ रुख कर रही हैं। कुछ कंपनियां भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट खोलने पर भी विचार कर रही हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### >>> सेंसेक्स 1005 , निफ्टी 289 अंक ऊपर आया

मुंबई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,005 अंक करीब 1.27 फीसदी ऊपर आकर 80,218 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 289 अंक तकरीबन 1.20 फीसदी उछलकर 24,328 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में हर क्षेत्र में खरीदारी हावी रही। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी खरीदारी का माहौल रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 870 अंक करीब 1.62 फीसदी बढ़कर 54,440 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 129 अंक बढ़कर 0.78 फीसदी की बढ़त के साथ 16,676 पर बंद हुआ।

आईटी क्षेत्र को छोड़कर करीब सभी इंडेक्स में खरीदारी हावी रही। वाहन, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी, उर्जा और इन्फ्रा शेयर सबसे ज्यादा ऊपर आये। सन फार्मा, टाटा स्टील, एसबीआई, एक्सिस बैंक, एमएंडएम, एलएंडटी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ में रहे। वहीं एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, इटरनल (जोमैटो), नेस्ले और टीसीएसके शेयर गिरे।

सभी शेयरों में से ज्यादा शेयर लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में बीएसई पर 1,958 शेयर लाभ के साथ ही उछले जबकि 2,038 शेयर गिरे। जबकि 183 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी में रिकवरी देखने को मिली है और से शीर्ष स्तर के करीब बंद हुआ।



इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी 50 तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक चढ़कर 79,343.63 पर खुला। खुलते ही इसमें तेजी देखी गई। सुबह शुरुआत में सेंसेक्स 327.74 अंक चढ़कर 79,540.27 पर था। इसी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 24,152.20 अंक पर खुला। सुबह यह 77.70 अंक की बढ़त लेकर 24,117.05 पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

## सरकार की पहल: नौकरी के लिए नहीं छोड़ना पड़ेगा घर, अपने शहर में ही मिलेगा रोजगार

मुंबई (ए.)। कोरोना महामारी के दौरान पहली बार घर से काम करने के कल्चर से लोग रूबरू हुए। उसी तर्ज अब केंद्र सरकार 'अपने गृह नगर में नौकरी' के नए विचार पर काम कर रही है। अगर यह पहल सफल रही तो पहली बार नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अब अपने मूल स्थान को छोड़कर दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय एक ऐसा सिस्टम विकसित कर रहा है, जिसमें नौकरी चाहने वालों को स्थान, क्षेत्र, नियोक्ता, वेतनमान, आवश्यक कौशल और अन्य विशेषताओं के आधार पर नौकरियों को फिल्टर करने के विकल्प मिलेंगे। मंत्रालय पीएम गति शक्ति पोर्टल पर नौकरी के आंकड़ों की मैपिंग कर रहा है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## हिन्दी भाषा को मंजूरी नहीं

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे का कहना है कि उनका दल महाराष्ट्र में हिन्दी भाषा को अनिवार्य बनाने के कदम को मंजूरी नहीं देगा। राज्य सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप पहली कक्षा से पांचवीं तक छात्रा के लिए हिन्दी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने के फैसले के मद्देनजर उनकी यह टिप्पणी आई है। उद्धव ने शिव सेना की श्रमिक शाखा के कार्यक्रम में कहा कि उनके दल को हिन्दी से परहेज नहीं है पर इसे छात्रों पर नहीं थोपा जा सकता। पिछले दिनों हिन्दीभाषी बैंककर्मी के साथ हाथापाई की घटना के अतिरिक्त मुंबई में लगातार शिवसैनिकों द्वारा भाषाई विरोध हो रहा है।

इससे पहले भी उत्तर भारत से बाहर के राज्यों द्वारा हिन्दी थोपे जाने के खिलाफ विपक्ष मुखर होता रहता है। भाषा को लेकर झगड़ा नया नहीं है परंतु इसका मकसद राजनीतिक प्रतीत होता है। देश के आधे से अधिक नागरिक हिन्दी को बोलचाल की भाषा की तरह प्रयोग करते हैं। यह देश की सबसे ज्यादा बोली भाषा भी है। केवल 26 प्रतिशत लोगों की मातृ भाषा होने के बावजूद हिन्दी का इस्तेमाल करने वालों की संख्या 69 करोड़ बताई जाती है, जो कुल जनसंख्या का 57 प्रतिशत है।

हालांकि अपने यहां हिन्दी में 56 मातृ भाषाएं संबद्ध हैं। देश भर को एक सूत्र में लपेटने वाला सिनेमा, टीवी धारावाहिक, विज्ञापन और गाने सब हिन्दी में ही मुंबई शहर में बनाए जाते हैं जिनके भरोसे रोजी-रोटी कमाने वालों में हर भाषा, वर्ग और राज्यनिवासियों का सहयोग होता है। मराठी की मूल लिपि कोंकणी होने के बावजूद आज वह देवनागरी में ही लिखी जा रही है। यूं तो देश में बंगाली और भोजपुरी बोलने वालों की संख्या अत्यधिक है परंतु राज्य सरकारें या स्थानीय शीर्ष नेताओं द्वारा मातृ भाषा की बजाय देशवासियों तक विचार पहुंचाने के लिए हिन्दी या अंग्रेजी ही प्रचलित है।

यह भी याद रखना चाहिए कि जिन राज्यों में संस्कृत स्कूली स्तर पर अनिवार्य भाषा के तौर पर पढ़ाई जाती रही है, वहां से संस्कृत में धारा-प्रवाह श्लोक पढ़ने वाली पौध नहीं तैयार की जा सकी। दूसरे मातृ भाषा पढ़ने-लिखने वालों की संख्या भी तेजी से कम होती जा रही है। नौजवान उसी भाषा को प्राथमिकता देने को राजी होते हैं, जो उन्हें रोजगार दिलाने में सक्षम हो। भाषा विवाद राजनीतिक होता है। यह जनता भली-भांति जानती है। उसे भाषा के नाम पर बरगलाना नामुमकिन है।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने भुवनेश्वर में विधानसभा परिसर में उत्कल गौरव मधुसूदन दास को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## पारिजात- आकाशगंगा से झरते तारे



कुछ फूल प्रकृति के रहस्य हैं—मौन रहकर भी हृदय को झंकृत कर देने वाले। उनमें से एक है पारिजात—एक ऐसा पुष्प जो रात के अंधकार में खिलता है, और भोर से पहले झर जाता है। कहते हैं, पारिजात समुद्र मंथन से उदभूत हुआ, कृष्ण इसे इंद्र से लड़ कर पृथ्वी पर ले आये।और तब से यह बन गया त्याग, समर्पण, सौंदर्य और मौन प्रेम का अप्रतिम प्रतीक। क्षणभंगुर होते हुए भी, पारिजात जीवन के उन शाश्वत सत्य को उद्घाटित करता है, जो शब्दों से परे है।अनायास मृत्यु की अतृप्त आकांक्षा झरते हुए पारिजात के फूलों में प्रतिबिंबित दिखती है। यह लेख पारिजात के बहाने उसी अनकहे संगीत को सुनने का प्रयास है— जहाँ पौराणिक कथाएँ, सांस्कृतिक मान्यताएँ, साहित्यिक स्मृतियाँ और जीवन-दर्शन एक साथ मिलकर एक सुगंधित स्वप्न बुनते हैं। आइए मेरे साथ इस यात्रा में, जहाँ आकाशगंगा से तारे झरते हैं, और धरती पारिजात बनकर मुस्कुराती है।

-उदय कुमार वर्मा

## रेसिप्रोकल टैरिफ नीति से वैश्विक अर्थव्यवस्था हिला

विनीत नारायण

वैश्विक व्यापार में संरक्षणवाद का दौर एक बार फिर से उभर रहा है। अप्रैल, 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) नीति ने वौंकि अर्थव्यवस्था को हिला दिया है। यह नीति अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम भारत और विश्व की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहे हैं। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अरुण कुमार इस नीति के प्रभावों का विश्लेषण करते हुए बताते हैं कि अमेरिका ने अपनी टैरिफ नीति को पारस्परिक करार देते हुए कहा है कि यह अन्य देशों द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए गए टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं (जैसे मुद्रा हेरफेर और नियामक अंतर) के जवाब में उठाया गया कड़ा कदम है। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 52: का प्रभावी टैरिफ लगाता है, जिसके जवाब में भारत से आयात पर 27: का टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, इस गणना की सटीकता पर सवाल उठाए गए हैं। समिट की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने व्यापार घाटे और आयात मूल्य के आधार पर टैरिफ दरें तय कीं जो विश्व व्यापार संगठन के डेटा से मेल नहीं खातीं। भारत का अमेरिकी वस्तुओं पर औसत टैरिफ दर 2023 में केवल 9.6: था, जो अमेरिकी दावों से काफी कम है। इस नीति में दो स्तर के टैरिफ शामिल हैं: 5 अप्रैल से सभी देशों पर 10: का आधारभूत टैरिफ और 9 अप्रैल से देश-विशिष्ट टैरिफ। कुछ वस्तुओं जैसे फार्मास्यूटिकल्स और ऊर्जा उत्पादों को टैरिफ





से छूट दी गई है, जिससे भारत के कुछ क्षेत्रों को राहत मिली है। भारत, जो अमेरिका का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, 2024 में 80.7 बिलियन डलर का माल अमेरिका को निर्यात करता था। 27: टैरिफ से भारत के कई क्षेत्र प्रभावित होंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ भी मिल सकता है। प्रो. अरुण कुमार के अनुसार, इस नीति का प्रभाव अल्पकालिक और दीर्घकालिक, दोनों रूपों में देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत के 14 बिलियन डलर के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात और 9 बिलियन डलर के र प्रतिशत-आभूषण निर्यात पर टैरिफ का भारी असर पड़ेगा। ये क्षेत्र अमेरिकी बाजार पर निर्भर हैं और लागत में वृद्धि से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है। इसके साथ ही मछली, झींगा और प्रसंस्कृत समुद्री खाद्य उद्योग, जो 2.58 बिलियन डलर का है, पर 27.83: का टैरिफ अंतर भारत की प्रतिस्पर्धा को कम करेगा खासकर जब पहले से ही अमेरिका में एंटी-डंपिंग शुल्क लागू हैं। भारतीय वस्त्र उद्योग को मिश्रित प्रभाव का सामना करना पड़ेगा। हालांकि भारत पर टैरिफ वियतनाम (46:) और बांग्लादेश (37) की तुलना में कम है, फिर भी बाजार और मुनाफे में कमी का जोखिम बना रहेगा। वहीं भारत के 9 बिलियन डलर के फार्मास्यूटिकल निर्यात को टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे इस क्षेत्र को राहत मिली है। भारतीय फार्मा कंपनियों के शेयरों में 5 की वृद्धि देखी गई। हालांकि सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रत्यक्ष रूप से टैरिफ से प्रभावित नहीं हैं, लेकिन वीजा प्रतिबंध और व्यापार तनाव भारतीय आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस और इन्फोसिस के लिए चुनौतियां पैदा कर सकते हैं। प्रो. कुमार का मानना है कि भारत को कुछ क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है, क्योंकि चीन और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों पर अधिक टैरिफ लगाए गए हैं। उदाहरण के लिए परिधान और जूते जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। टैरिफ के कारण भारत के निर्यात में 30-33 बिलियन डलर की कमी आ सकती है। अर्थशास्त्रियों ने भारत की 2025-26 की विकास दर को 20-40 आधार पर कम करके 6.1 कर दिया है। हालांकि, भारत सरकार का दावा है कि तेल की कीमतें 70 डलर प्रति बैरल से नीचे रहती हैं, तो 6.3-6.8 की विकास दर हासिल की जा सकती है। अमेरिकी टैरिफ नीति का वौंकि अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। प्रो. कुमार के अनुसार, यह नीति वैश्विक व्यापार प्रणाली में 1930 के स्मूट-हले टैरिफ एक्ट के समान व्यवधान पैदा कर सकती है। टैरिफ से वौंकि व्यापार की गति धीमी होगी, जिससे आर्थिक विकास प्रभावित होगा। जेपी मार्गन ने चेतावनी दी है कि यदि यही टैरिफ नीति लागू रहती है, तो अमेरिका और वौंकि अर्थव्यवस्था मंदी में आ सकती है। इससे आयातित वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी, जिससे अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है।

## पोषण 2.0 दिशा-निर्देशों के दायरे में शुरु

**डॉ. अनन्या अवस्थी**

भारत में 7वां पोषण पखवाड़ा अप्रैल में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पोषण ट्रैकर के नए शुरू किए गए लाभार्थी मॉड्यूल के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि सामुदायिक सशक्तिकरण के एक नये चरण की शुरु आत करता है, जिससे नागरिकों के हाथों में सीधे कार्ययोग्य पोषण डेटा उपलब्ध होता है।

राष्ट्रीय पोषण नीति ढांचे उर्फ पोषण 2.0 दिशा-निर्देशों के दायरे में शुरू की गई यह नई सुविधा लंबे समय से चली आ रही चुनौती का समाधान करती है आंगनवाड़ी कायरे में समुदाय का कमजोर स्वामित्व, जिसने अक्सर देश भर में पोषण हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। पोषण ट्रैकर मोबाइल-आधारित एप्लिकेशन है जिसका उपयोग पहले से ही हर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण और बच्चों की देखभाल सेवाओं के वितरण पर वास्तविक समय डेटा प्रदान करने के लिए किया जाता है, अब इसकी पहुंच उन लोगों तक हो गई है, जिन्हें यह सेवा प्रदान करना चाहता है। यह विशेष मॉड्यूल आपको अपने स्थान के सबसे नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र का पता लगाने में सक्षम बनाता है और गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, 6 वर्ष तक के बच्चों और किशोरियों के लिए स्व-पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। महिला लाभार्थी गर्भावस्था के तिमाही, एनीमिया की स्थिति, गर्भावस्था के दौरान वजन बढ़ने को रिकॉर्ड करने और टेक-होम राशन (टीएचआर) और गर्म पके हुए भोजन (एचसीएम) की प्राप्ति पर नजर रखने सहित अपने सेवा इतिहास की निगरानी करने के लिए इस मॉड्यूल का उपयोग कर सकती हैं। माता-पिता और देखभाल करने वाले भी अपने बच्चे की लंबाई और वजन की सक्रिय रूप से निगरानी करने, यह जांचने के लिए कि क्या वे विकास संबंधी क्षमताओं को प्राप्त कर रहे हैं, और टीएचआर और एचसीएम के लिए पात्रता सत्यापित करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषताओं में से एक यह है कि यह लाभार्थियों को आंगनवाड़ी सेवाओं की अपर्याप्त प्राप्ति से संबंधित शिकायतों के निवारण की मांग करने का अधिकार देता है। उदाहरण के लिए, स्तनपान कराने वाली मां, उसका पति या परिवार का कोई भी सदस्य अब टीएचआर न मिलने या स्थानीय आंगनवाड़ी केंद्र की समस्याओं, जैसे अनियमित रूप से खुलने या बुनियादी ढांचे की कमी जैसी समस्याओं की रिपोर्ट कर सकता है।

पोषण ट्रैकर का लाभार्थी मॉड्यूल अपने लाभार्थियों के साथ सीधा संबंध स्थापित करके पोषण ट्रैकर को इंटरैक्टिव, नागरिक-केंद्रित, डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य और पोषण प्रणाली के लिए एक बेंचमार्क में बदलने के लिए कई आशाजनक रास्ते खोलता है। मॉड्यूल के लिए विचार करने के लिए चार आशाजनक भविष्य की दिशाएं हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भारत में स्मार्टफोन के व्यापक उपयोग का लाभ उठाते हुए, इस मॉड्यूल में निकटतम आंगनवाड़ी केंद्र में मिलने का समय निर्धारित करने या आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर पर दौरा करने की व्यवस्था करने जैसी सुविधाएं शामिल की जा सकती हैं। दूसरा, आगामी समुदाय-आधारित कार्यक्रमों के बारे में लाभार्थियों को संक्षिप्त संदेश या अलर्ट भेज कर, लाभार्थी मॉड्यूल स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं के साथ नागरिकों को जोड़ने के लिए एक मंच के रूप में काम कर सकता है।

इससे वजन दिवस जैसी सामुदायिक गतिविधियों में लाभार्थी की भागीदारी बढ़ सकती है, जहां गांव के सभी बच्चों का मासिक वजन लिया जाता है, अन्नप्राशन जैसे पोषण कार्यक्रमों का जश्न मनाया जाता है, जो छोटे बच्चों को ठोस खाद्य पदाथरे की शुरु आत का प्रतीक है और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस के लिए स्थानों और तिथियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। तीसरा, पोषण ट्रैकर के भीतर एक इन-बिल्ट फीडबैक सिस्टम के निर्माण से लाभार्थियों को प्राप्त आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने की सुविधा मिलेगी, जिसमें विकास निगरानी, खाद्य राशन की डिलीवरी, घर का दौरा और गंभीर कुपोषण से पीड़ित बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के लिए रेफरल शामिल हैं। यह वृद्धि पोषण ट्रैकर को ऐसे प्लेटफॉर्म में बदल सकती है जो सेवा वितरण के सामाजिक ऑडिट की अनुमति दे सकता है, जिससे लाभार्थियों की जरूरतों और मांगों का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सके।

## महान गणितज्ञ जूल्स हेनरी पोंकारे

**संजय गोस्वामी**

जूल्स हेनरी पोंकारे का जन्म 29 अप्रैल, 1854 को नैन्सी में हुआ था पोंकारे का परिवार पढ़ा लिखा और प्रसिद्ध था। उनके चचेरे भाई रेमंड फ्रांस के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री थे, और उनके पिता लियोन नैन्सी विश्वविद्यालय में चिकित्सा के प्रोफेसर थे। उनकी बहन एलाइन ने अध्यात्मवादी दार्शनिक एमिल बुट्रोक्स से शादी की।

पोंकारे ने पेरिस में खनन इंजीनियरिंग, गणित और भौतिकी का अध्ययन किया। 1881 से शुरू होकर, उन्होंने पेरिस विश्वविद्यालय में पढ़ाया। वहाँ उन्होंने भौतिक और प्रायोगिक यांत्रिकी, गणितीय भौतिकी और संभाव्यता के सिद्धांत, और आकाशीय यांत्रिकी और खगोल विज्ञान के अध्यक्षों का पद संभाला। अपने वैज्ञानिक करियर की शुरुआत में, 1879 के अपने डॉक्टरेट शोध प्रबंध में, पोंकारे ने अंतर समीकरणों द्वारा परिभाषित कार्यों के गुणों का अध्ययन करने का एक नया तरीका तैयार किया,पोंकारे एक विज्ञान और गणित के फ्रांसीसी दार्शनिक होने के साथ-साथ एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और गणितज्ञ भी थे। गणित की नींव में उन्होंने परम्परावाद के पक्ष में, औपचारिकता के विरुद्ध, तर्कवाद के विरुद्ध और कैंटर के अपने नए अनंत सेटों को मानवीय सोच से स्वतंत्र मानने के विरुद्ध तर्क दिया। पोंकारे ने गणित के लिए एक उचित रचनात्मक आधार में अंतर्ज्ञान की आवश्यक भूमिका पर जोर दिया। उनका मानना था कि तर्क विश्लेषणात्मक सत्यों की एक प्रणाली थी, जबकि अंकगणित इन शब्दों के कांट के अर्थ में संश्लेषणात्मक और पूर्वोक्त था। गणितज्ञ प्रमाण की जाँच करने के लिए तर्क के तरीकों का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन उन्हें प्रमाण बनाने के लिए अंतर्ज्ञान का उपयोग करना चाहिए, उनका मानना था। उन्होंने कहा कि गैर-यूक्लिडियन ज्यामिति यूक्लिडियन ज्यामिति जितनी ही वैध हैं, क्योंकि सभी ज्यामिति परंपराएँ या छिपी हुई परिभाषाएँ हैं। हालाँकि सभी ज्यामितियाँ भौतिक स्थान के बारे में हैं, लेकिन एक ज्यामिति को दूसरों के ऊपर चुनना अर्थव्यवस्था और सरलता का मामला है, न कि झूठे लोगों के बीच सही को खोजने का मामला। पोंकारे के लिए, विज्ञान का उद्देश्य व्याख्या करने के बजाय भविष्यवाणी करना है। हालाँकि हर वैज्ञानिक सिद्धांत की अपनी भाषा या वाक्यविन्यास होता है, जिसे परंपरा के अनुसार चुना जाता है, लेकिन यह परंपरा का मामला नहीं है कि वैज्ञानिक कथन तथ्यों से सहमत नहीं होता प्रयोग आवश्यक होता है ।





मेष राशि :आपके लिए आज का दिन उम्मीदों से भरा रहेगा। आपके कामकाजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। आपकी पदोन्नति या नई नौकरी मिलने के योग हैं। आपके जीवन में खुशहाली आएगी। आप किसी बड़ी संपत्ति में निवेश करेंगे। आपके आय में वृद्धि होगी साथ ही आप आमदनी के नए अवसर भी खोजेंगे। आपके कार्यों में देरी हो सकती है, लेकिन आप अपने परिवार और कामकाज में संतुलन बनाएंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन खास रहेगा। आज आप कुछ नई बातें सीखेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों के लिए अच्छा समय है। आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। इस दौरान आपको अपने कौशल के दम पर नौकरी मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपको लग्जरी चीजों का लाभ उठाने का भरपूर मौका मिलेगा।

मिथुन राशि : आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह आपको प्रसन्नता होगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

कर्क राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको जीवन में कुछ नए अवसर मिलेंगे। जो आपकी पर्सनल लाइफ के लिए अच्छे रहेंगे। अभी आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं या पदोन्नति पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं तो आपकी योजनाएं सफल होंगी। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। थोड़ी और मेहनत से सफलता मिलेगी।

सिंह राशि : आज का दिन उत्साह भरा होगा। इस राशि के लोगों को अपने विरोधियों से जीत हासिल होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आज आपको कर्जमाफी का लाभ भी मिल सकता है। आज हो सके तो नए कामों को शुरूआत कर दें, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। आज ऑफिस में कार्यों के प्रति अपने मत रखने में समस्या आएंगी, बेहतर यही होगा की आज आप अपनी राय देने से बचें।
कन्या राशि : आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप आज आशावादी बने रहेंगे। आपका सोशल सर्किल बेहतर होगा। साथ ही दूसरों के साथ बातचीत करने के कौशल में भी सुधार होगा। आज आप किसी की मदद भी कर सकते हैं। सामने आयी समस्याओं को सुलझाने में आप सफल साबित होंगे। व्यापार में आज अधिक धन लाभ की संभावना है।

तुला राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नई रणनीति बनाएंगे। इससे आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके किसी प्रोजेक्ट की प्रशंसा भी होगी। जो लोग काफी दिनों से नौकरी के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उनके लिए दिन शुभ है। कोई अच्छी खबर मिलेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज कार्यों में बदलाव करने से बचे। अगर व्यवसाय में नया काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो उससे संबंधित और अधिक जानकारी हासिल करना जरूरी है। आज आपके घर में किसी आयोजन को लेकर उत्साह रहेगा।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज अचानक मित्र से मुलाकात होगी। आप उनसे करियर को लेकर विचार विमर्श भी करेंगे। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक तथा आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। आज आपको सुखद जीवन जीने के लिए कई अवसर मिलने वाले हैं। आप अपने लक्ष्यों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। उन्हें पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। रिश्तेदारों के आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों का स्नेह व आशीर्वाद अवश्य लें तथा उनका मान-सम्मान व आदर करें। आज आपको अपने व्यवहार में कुछ सुधार लाने की भी जरूरत है।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके कार्यों के लिए कारगर साबित होगी। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें, काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे। आज सहज तरीके से अपने कार्यों को व्यवस्थित करते चलें। आज घर में शांति पूर्ण माहौल रहेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। आज परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा। आज किसी विशेष स्थिति में अपने जीवनसाथी को सलाह जरूर दें। आज ऑफिस के किसी कार्य को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

## भारत-पाक़ के बीच तनाव चरम पर पहुंचा

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं/**

सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए एडवाइज़री ज़ारी-जम्मू सरकारी मेडिकल, स्टाफ,दवाइयां,उपकरण तैयार रखने के आदेश ज़ारीवैश्विक स्तरपर अब दुनियाँ के हर देश की ऐसी विचारधारा हो गई है कि,भारत अब दम रखता है, वैश्विक निर्णयों में हस्तक्षेप,अर्थव्यवस्था में दखल और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दमक व विकसित देशोंमें पैठ के चलते पहलगाम हमले नें मानों सोए शेर को जगा दिया है, या यूं कहें कि दुश्मन ने मधुमक्खियां के छत्ते में हाथ डाला है तो अंजाम तो भुगतना पड़ेगा ही, हालांकि भारतीय फौजी नेता या विशेषज्ञों ने सीधे तौर पर कोई बयान नहीं दिया है परंतु मेरा मानना है कि बौद्धिक क्षमता में निपुण हर भारतीय अब समझ गया है कि सरकार अब पहलगाम हमले का जबरदस्त जवाब देने के मूड में है, क्योंकि हम देख रहे हैं कि सिंधु नदी जल, वीजा, वाघा बॉर्डर इत्यादि पर सख्त फैसलों के बाद जम्मू के अस्पतालों मेडिकल कॉलेजों को अलर्ट करना, भारतीय सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर रहना तथा दिनांक 26 अप्रैल 2025 को देर शाम सभी मीडिया चैनलों प्लेटफॉर्मों के लिए एडवाइजरी जारी करना यह किसी बड़ी कार्रवाई की ओर इशारा करता है,जिसपर पूरा विश्व नजरे गड़ाए बैठा है,क्योंकि पूरे अंतरराष्ट्रीय जगत ने आतंकवाद के खिलाफ़ भारत के पक्ष में पुणे समर्थन दिया है, इसीलिए किसी ठोस कार्रवाई की उम्मीद लगाना वाजबी भी है। चूँकि अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत द्वारा पाक पर किसी सैन्य कार्रवाई या सर्जिकल स्ट्राइक की सुबसुबाहट हो रही है,पहलगाम हमले की जवाबीकार्रवाई पर सबकी नज़रें टिकी हुई है, तथा भारत-पाक ने सीमा पर तैनाती बढ़ाई है एवं केंद्र सरकार, विपक्ष, जम्मू कश्मीर सरकार, कश्मीरी आवाम हम साथ साथ हैं, वाली लाइन पर आ गए हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत पाक के बीच तनाव चरम पर पहुंचा, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए एडवाइजरी जारी, जम्मू सरकारी मेडिकल, स्टाफ, दवाइयां, उपकरण तैयार रखने के आदेश ज़ारी।

साथियों बात अगर हम सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए एडवाइजरी जारी करने की करें तो, राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी मीडिया चैनलों, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सलाह जारी की है। मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही से संबंधित किसी भी जानकारी का सीधा प्रसारण न किया जाए। दरअसल, इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाओं को कवर करने को लेकर मीडिया पर सवाल उठ चुके हैं। ऐसे में प्रसारण मंत्रालय ने पहले ही मीडिया को सतर्क कर दिया है और सलाह दी है। एडवाइजरी में कहा गया है,राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे सुरक्षा संबंधी अभियानों से जुड़े मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी बरतें। मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि संवेदनशील जानकारी का असावधानीपूर्वक प्रसारण राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। पुलवामा हमले के दौरान कुछ मीडिया चैनलों द्वारा सुरक्षा बलों की तैनाती और उनके ठिकानों की विस्तृत जानकारी प्रसारित करने पर सवाल उठे थे। विशेषज्ञों और रक्षा विश्लेषकों ने तर्क दिया था कि ऐसी जानकारी आतंकवादी समूहों तक पहुंच सकती है, जिससे सुरक्षा बलों के लिए जोखिम बढ़ जाता है।एडवाइजरी में कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले और कंधार विमान अपहरण जैसी पिछली घटनाओं का हलवा दिया गया है। मंत्रालय की यह सलाह इन घटनाओं से सबक लेते हुए उठाया गया कदम माना जा रहा है। यह दिशानिर्देश न केवल रक्षा अभियानों की गोपनीयता सुनिश्चित करेगा, बल्कि जनता में अनावश्यक भय और अफवाहों को भी रोकेगा।मंत्रालय नेमीडिया से अपील की है कि वे केवल सत्यापित और प्रामाणिक जानकारी ही साझा करें। यह सलाह सोशल मीडिया उपयोग कर्ताओं के लिए भी महत्वपूर्ण है, जो अक्सर अनजाने में संवेदनशील जानकारी साझा कर देते हैं। मंत्रालय ने सभी से जिम्मेदार और सुरक्षित सूचना प्रसार की अपील की है, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता न हो। देशहित में मीडिया चैनल लाइव कवरेज करते हुए सावधानी बरतें। एडवाइजरी में 8 निर्देश दिए गए हैं। (1) राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स को सलाह दी जाती है कि वे अत्यंत जिम्मेदारी के साथ काम करें और रक्षा व अन्य सुरक्षा से संबंधित अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय मौजूदा कानूनों और नियमों का सख्ती से पालन करें। (2) विशेष रूप से रक्षा अभियानों या बलों की गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार का रियल-टाइम कवरेज,लाइव प्रसारण,या सूत्रों परआधारित जानकारी का प्रकाशन नहीं किया जाना चाहिए, संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा करने से शत्रुतापूर्ण तत्वों को मदद मिल सकती है और इससे अभियानों की प्रभावशीलता और सुरक्षा बलों के कर्मियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। (3) पिछले घटनाक्रमों ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले (26/11), और कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान, अनियंत्रित कवरेज का राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। (4) मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और पर्सनल यूजर राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कानूनी दायित्वों के अलावा, यहहमारी सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी भी है कि हम अपनी कार्रवाइयों से जारी अभियानों या सुरक्षा बलों की सुरक्षा से समझौता न करें। (5) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय पहले ही सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के नियम 6(1) (p) का पालन करने की सलाह दे चुका है। नियम 6(1) (p) कहता है कि, कोई भी कार्यक्रम केबल सेवा में प्रसारित नहीं किया जाएगा जिसमें किसी भी सुरक्षा बल द्वारा किए जा रहे किसी भी आतंकवाद विरोधी अभियान का लाइव कवरेज शामिल हो, जहां मीडिया कवरेज को केवल सरकार द्वारा नामित अधिकारी द्वारा समय-समय पर ब्रीफिंग तक सीमित रखा जाएगा, जब तक कि ऐसा अभियान समाप्त नहीं हो जाता (6) यह ऐसा प्रसारण केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 का उल्लंघन है और इसके तहत कार्रवाई के लिए उत्तरदायी है।



# संक्षिप्त समाचार

## पानी बंद होने पर पाकिस्तान में बिलबिलाहट : सीआर पाटिल

सूरत, (आरएनएस)। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की गीदड़भभकी पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने तीखा हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान का पानी रोकने पर बिलावल को बिलबिलाहट हो गई है।सीआर पाटिल सूरत में जलसंचय कार्यक्रम में सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने जल संचय के महत्व पर जोर दिया। पाटिल ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री द्वारा दी गई धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि पाकिस्तान का पानी बंद कर दिया गया है और इसके बाद बिलावल की बिलबिलाहट शुरू हो गई। वह कह रहे थे कि अगर नदी में पानी नहीं आएगा तो भारत में खून की नदियां बहेंगी।उन्होंने आगे कहा, क्या हमें ऐसे लोगों से डरना चाहिए? मैं कहता हूं, भाई जरा शांति रखो। अगर ताकत है तो आओ यहां। हम ऐसी धमकियों की चिंता किए बिना अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और पानी बचाने के प्रयास करते रहेंगे।सीआर पाटिल ने यह भी कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए हो सकता है, लेकिन उनका विश्वास था कि भारत पानी के लिए कोई युद्ध नहीं करेगा, क्योंकि पीएम मोदी के नेतृत्व में जल संचय की व्यवस्था पूरी तरह से हो जाएगी। इस कार्यक्रम के दौरान जल संचय की दिशा में स्थानीय लोगों को जागरूक करने की कोशिश की गई, और मंत्री ने बताया कि मोदी सरकार जल संकट से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने कहा- भारत अपने लिए जरूरी पानी का संरक्षण करेगा और जलवर्धन के प्रयासों को हर संभव प्राथमिकता देगा, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के जल संकट से बचा जा सके। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता निलंबित कर दिया है, जिससे पाकिस्तान बौखला गया है और वहां के नेता अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं।

## पंजाब पुलिस की नशे के खिलाफ निर्णायक जंग, DGP गौरव यादव ने साझा की अहम जानकारी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को कहा कि पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है और कई मामलों में तस्करों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलाए गए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने चंडीगढ़ के सेक्टर 9 स्थित पंजाब पुलिस मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए नशे के खिलाफ चल रही मुहिम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार और पुलिस ने एक व्यापक रणनीति तैयार की है, जिसके तहत 31 मई तक नशे के खिलाफ अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं और उच्च स्तरीय बैठकों में इसकी समीक्षा की जा रही है। तस्करों की संपत्ति जब्त करने के साथ ही अवैध संपत्तियों पर भी बुलडोजर चलाया जा रहा है। नशे के आदी लोगों को नशा मुक्ति केंद्रों में भेजा जा रहा है और उनके पुनर्वास के लिए काम किया जा रहा है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। अब तक नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 90 प्रतिशत सजा दर हासिल की गई है, जो देश में सबसे अधिक है। इस साल 1 मार्च से अब तक 4,600 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें 7,414 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 297 किलोग्राम हेरोइन, नशीली दवाओं के 21,770 कैप्सूल और आठ लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की है। इसके अलावा, 908 कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन (सीएएसओ) चलाए गए हैं, जिनमें 73 भगोड़े अपराधियों (पीओ) और 659 अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस ने नशा तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए हवाला रैकेट पर भी नकेल कसी है। डीजीपी ने बताया कि 31 हवाला ऑपरेटरों को गिरफ्तार किया गया और आठ लाख रुपए से अधिक की हवाला राशि बरामद की गई। धारा 64 एनडीपीएस अधिनियम का प्रभावी उपयोग करते हुए छोटे स्तर पर नशा उपयोग करने वालों को जांच के लिए भेजा जा रहा है, जबकि बड़े तस्करों की अवैध संपत्तियों को जब्त किया जा रहा है। कई मामलों में तस्करों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलाया गया है।

## भारत के एक्शन का असर, पाकिस्तान में दवा से लेकर खाद की भारी किल्लत; 3800 करोड़ से ज्यादा का कारोबार ठप

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए नृशंस आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया है। इस हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर 26 निर्दोष सैलानियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसमें सीधे तौर पर पाकिस्तान का हाथ माना जा रहा है। भारत के इस फैसले से दोनों देशों के बीच होने वाला 3886.53 करोड़ रुपये का सीमा पार व्यापार तत्काल प्रभाव से रुक गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) के एक अनुमान के मुताबिक, भले ही भारत और पाकिस्तान के बीच सीधा व्यापार सीमित हो, लेकिन अप्रत्यक्ष तरीकों से हर साल भारत का लगभग 10 अरब डॉलर का सामान पाकिस्तान पहुंचता है। यह व्यापार मुख्य रूप से दुबई, सिंगापुर और कोलंबो जैसे तीसरे देशों के रास्ते होता है, जहां सामान के लेबल और दस्तावेज बदलकर उन्हें किसी और देश का बताकर पाकिस्तान भेजा जाता है। पंजाब के अमृतसर स्थित अटारी बॉर्डर भारत और पाकिस्तान के बीच जमीनी रास्ते से व्यापार का प्रमुख केंद्र रहा है। भारत द्वारा इस बॉर्डर को बंद किए जाने के बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत के साथ व्यापार रोक दिया है। गौरतलब है कि साल 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 127 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 1.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था, जो 2023 में 0.53 बिलियन डॉलर था। हालांकि, यह आंकड़ा 2019 में पुलवामा आतंकी हमले से पहले के 3 बिलियन डॉलर के व्यापार स्तर से काफी कम है। भारत पाकिस्तान को मुख्य रूप से फार्मास्यूटिकल्स (दवाएं और उनकी सामग्री), चीनी, चाय, कॉफी, कपास, लोहा, स्टील, टमाटर, नमक, ऑटोमोटिव कॉम्पोनेंट्स और उर्वरक जैसी वस्तुएं निर्यात करता रहा है। दूसरी ओर, पाकिस्तान से भारत में मसाले, खजूर, बादाम, अंजीर, बेसिल और रोजमेरी जैसी जड़ी-बूटियां आयात की जाती हैं। दोनों देशों के बीच सीधा व्यापार बंद होने से पाकिस्तान को भारतीय सामानों के लिए तीसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ेगा। इससे सामानों की ढुलाई लागत में वृद्धि होगी, जिसका सीधा असर पाकिस्तान में इन वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा और मूलभूत चीजें महंगी हो जाएंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से पाकिस्तान का फार्मा सेक्टर विशेष रूप से प्रभावित हो सकता है। इसकी तुलना में, भारत पर इस व्यापार निलंबन का प्रभाव काफी कम होने की उम्मीद है।

# बुजुर्गों को मिलेगा 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज, दिल्ली सरकार ने शुरू की आयुष्मान वय वंदना योजना

नई दिल्ली (ए.)। बुजुर्गों की सहायता के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए, दिल्ली सरकार ने सोमवार को आयुष्मान वय वंदना योजना शुरू की, जिसके तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ राजधानी में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को पहला वय वंदना कार्ड वितरित किया। इस पहल के तहत, पात्र बुजुर्गों को सालाना 5 लाख रुपये की निःशुल्क चिकित्सा सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त, दिल्ली सरकार की एक अलग योजना के तहत 5 लाख रुपये का अतिरिक्त कवरेज प्रदान किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सुरक्षा प्रभावी रूप से दोगुनी होकर कुल 10 लाख रुपये हो जाएगी। सीएम गुप्ता ने कहा कि ट्रिपल इंजन मॉडल के तहत यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है और मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी को इस स्वास्थ्य योजना के साथ हमारे बुजुर्गों का सम्मान करने के




लिए धन्यवाद देती हूं। अमीर और गरीब के बीच कोई अंतर नहीं होगा; इस योजना से सभी को लाभ मिलेगा, चाहे उनकी वित्तीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि पंजीकरण आज से शुरू हो रहा है और एकमात्र मानदंड यह है कि आप दिल्ली के नागरिक होने चाहिए और आपके पास आधार कार्ड होना चाहिए। आप आज से नामांकन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस योजना में शहर के 100 से ज़्यादा अस्पताल शामिल हैं और 30,000 से ज़्यादा अस्पताल कैशलेस इलाज के लिए पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पिछली आप सरकार पर निशाना साधते हुए गुप्ता ने कहा, पिछली सरकार ने अहंकार और राजनीतिक कारणों से दिल्ली में इस योजना को सात साल तक टालकर अन्याय किया। अब हम तीन गुना भागीदारी के साथ दिल्ली में बदलाव लाने का वादा करते हैं। शहर और भी सुंदर, शिक्षित और विकसित बनेगा। इस योजना का लाभ सभी को मिलेगा। हम मिलकर काम करेंगे और यह एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। बहाने अब काम नहीं आएंगे, हम वो विकास करेंगे जिसकी दिल्ली हकदार है। यहाँ यह ध्यान देने वाली बात है कि वय वंदना योजना के तहत प्रत्येक पंजीकृत वरिष्ठ नागरिक को एक अद्वितीय स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जाएगा। इस कार्ड में उनके संपूर्ण स्वास्थ्य रिकॉर्ड, नियमित स्वास्थ्य जांच की जानकारी और आपातकालीन सेवा का विवरण सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाएगा। इस योजना के तहत दिल्ली में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए सभी स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह से निःशुल्क किए जाएंगे।



जयपुर में संविधान बचाओ रैली के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस नेता सचिन पायलट.

## गोली मार दो लेकिन निकालकर न फेंको..भारत छोड़कर नहीं जाना चाहते पाकिस्तानी; अब तक 627 सीमा पार

अमृतसर (आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने के निर्देश जारी किए जाने के बाद, बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के रास्ते अपने वतन वापस लौट गए हैं। पिछले पांच दिनों में कम से कम 627 पाकिस्तानी भारत छोड़कर जा चुके हैं, जिनमें 9 राजनयिक और अधिकारी भी शामिल हैं। भारत सरकार ने शॉर्ट टर्म वीजा की 12 श्रेणियों के धारकों को तत्काल पाकिस्तान लौटने का आदेश दिया था, जिसकी समय सीमा रविवार को समाप्त हो गई।भारत छोड़ते समय कई पाकिस्तानियों को भावुक होते देखा गया। बालासोर जिले में चार साल की उम्र से रह रही 72 वर्षीय रजिया सुल्ताना ने दर्द भरी गुहार लगाते हुए कहा, अगर हमने कुछ गलत किया है तो गोली मार दो लेकिन देश से निकालकर ना फेंको।

# थार और बुलडोजर को डराने का प्रतीक बना रही है सरकार : अखिलेश यादव

## यूपी सरकार पर सीधा वार

लखनऊ (ए.)। अखिलेश यादव ने एक बार फिर राज्य सरकार पर आरोप लगाया है कि वह बढ़ती बेरोजगारी और असुरक्षा की ओर ध्यान न देते हुए थार और बुलडोजर के जरिए लोगों को डराने की कोशिश कर रही है। यादव समाजवादी विचारक राम मनोहर लोहिया के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध संगठनात्मक विंग लोहिया वाहिनी के सदस्यों के साथ बैठक के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश ने कहा कि हम लोकतंत्र, कानून और इस देश के संविधान पर भरोसा करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में कमीशनबाजी बढ़ी है, भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं टूट चुकी हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि युवा ही संविधान की रक्षा करेंगे और आरक्षण को बचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह थार और बुलडोजर को सरकार डराने का प्रतीक बना रही है। उन्होंने दावा किया कि यह जो सांसद रामजीलाल सुमन जी पर हमला हुआ है, ये कहीं न कहीं इशारा करता है कि हमलावरों को सरकार का सहारा है। उन्होंने कहा कियुवा ही देश के संविधान और आरक्षण के अधिकार की रक्षा करेंगे। फिर भी, वे या तो रोजगार की कमी, अल्परोजगार या अनुचित वेतन से त्रस्त हैं। उन्होंने सरकार से शिक्षा के बढ़ते



निजीकरण के बारे में भी सवाल किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसने इसे आर्थिक रूप से कमजोर और यहां तक कि मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर कर दिया है। जबकि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में कहा था कि राज्य की बेरोजगारी दर घटकर 2.4 प्रतिशत हो गई है, यादव ने कहा कि अगर सरकार के अपने आंकड़ों के अनुसार, मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ लोगों को 36 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए होते, तो राज्य में एक भी बेरोजगार व्यक्ति नहीं होता। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि लघु/सूक्ष्म उद्यमों को 10 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान करती है। योजना की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, इस योजना के तहत 5,41,012 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की गई है। यादव ने सांसद रामजी लाल सुमन पर करणी सेना द्वारा हाल ही में किए गए हमले का भी जिक्र किया और कहा कि ऐसे हमले केवल इसलिए संभव हो पाए क्योंकि इन तत्वों को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने हाल ही में एक मुद्दा उठाया था, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि पुलिस थानों में ठाकुरों और ऐसी ही अन्य जातियों का वर्चस्व है।

## भारत को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश का निर्णायक जवाब दिया जाएगा : चंद्रबाबू नायडू

अमरावती (ए.)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा कि भारत को नुकसान पहुंचाने की किसी भी कोशिश का कड़ा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। उनकी यह टिप्पणी जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पिछले हफ्ते की शुरूआत में हुए आतंकी हमले के जवाब में आई है, जिसमें आंध्र प्रदेश के दो व्यक्ति सहित 26 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। नायडू ने एक निजी कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ''अगर कोई भारत में हस्तक्षेप करता है, तो उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिये जाएंगे। वे कुछ नहीं कर सकते। भले ही वह कोई आतंकवादी संगठन हो, वे इस देश को हिला नहीं सकते। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पहलगाम हमले जैसे बर्बर कृत्य भारत की ताकत के सामने सफल नहीं होंगे। नायडू ने भारतीयों के साहस को रेखांकित करते हुए, सभी से ऐसी चुनौतियों के मद्देनजर एकजुट होने का आग्रह किया और कहा कि राष्ट्र की रक्षा करने की शक्ति इसके लोगों में निहित है।

# हरिद्वार में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण शुरू, श्रद्धालुओं में उत्साह

हरिद्वार (आरएनएस)। उत्तराखंड के तीर्थ स्थल हरिद्वार में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया सोमवार सुबह 7 बजे से ऋषिकुल मैदान में शुरू हो गई है। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही तीर्थयात्री लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर अपने पंजीकरण की प्रतीक्षा करते नजर आए। ऋषिकुल मैदान में स्थापित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र पर इस बार विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए 20 काउंटर स्थापित किए गए हैं। इनमें से 18 काउंटर सामान्य पुरुष और महिला श्रद्धालुओं के लिए आरक्षित हैं, जबकि विशेष रूप से दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों और विदेशी पर्यटकों के लिए अलग काउंटर खोला गया है। इस व्यवस्था से सभी श्रेणियों के तीर्थयात्रियों को सहूलियत मिलने की उम्मीद है। पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऋषिकुल मैदान में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा, 20 काउंटरों वाला पंजीकरण केंद्र स्थापित किया गया है, जिसमें तीन काउंटर विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों और विदेशी पर्यटकों के लिए नामित हैं।

हमारा उद्देश्य सभी तीर्थयात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करना है। पंजीकरण प्रक्रिया को तेज करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पंजीकरण केंद्र पर पानी, छाया और बैठने की व्यवस्था की गई है ताकि तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, मेडिकल सुविधाएं और पुलिस बल की तैनाती भी की गई है ताकि किसी आपात स्थिति से निपटा जा सके।पंजीकरण केंद्र पर पहुंचे एक तीर्थयात्री रमेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं पहली बार चारधाम यात्रा पर जा रहा हूं।

## घटना होने से पहले बता दूंगा' पहलगाम हमले के बाद बाबा बागेश्वर का वीडियो वायरल

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश में आक्रोश भर दिया है। इस हमले के बाद पाकिस्तान से बदला लेने की भावनाएं प्रबल हैं, और लोग अपने-अपने तरीके से प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने अपनी शक्तियों को राष्ट्रहित में उपयोग करने की बात कही है। वायरल हो रहे क्लिप में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री यह दावा करते दिख रहे हैं कि वे अपनी शक्ति के माध्यम से भविष्य में होने वाली घटनाओं का पूर्वानुमान लगा सकते हैं। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर इस दावे के साथ साझा किया जा रहा है कि देश की सुरक्षा के लिए आचार्य धीरेंद्र शास्त्री की शक्तियों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।वीडियो में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने देश के रक्षा मंत्री से आग्रह करते हुए कहा, हम तो भारत के रक्षा मंत्री से भी कहेंगे कि हमारी शक्ति का सदुपयोग करें। हम आधिकारिक तौर पर कोई अधिकारी तो नहीं बन सकते, लेकिन हमारे पास जो चेतना है, हनुमान जी की जो कृपा है, उसका राष्ट्रहित में उपयोग किया जाए।

## हम पाकिस्तान के साथ खड़े हैं भारत ने खुद मरवाए हैं हिंदू , खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने फिर उगला जहर

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर भारत विरोधी जहर उगला है। सिख्स फॉर जस्टिस (SFJ) के प्रमुख पन्नू ने खुलकर पाकिस्तान का साथ देने की बात कही है और भारतीय सेना को खुली धमकी दी है। पन्नू ने कहा कि पंजाब के रास्ते भारतीय सेना को पाकिस्तान पर हमला नहीं करने दिया जाएगा। साथ ही पाकिस्तान को पाक बताते हुए दावा किया कि सिख समुदाय पाकिस्तान के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहेगा। पन्नू ने यह बातें 'आजाद डिजिटल' को दिए एक इंटरव्यू में कही हैं।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। इस हमले में 26 निर्दोष लोगों की हत्या हुई थी। पन्नू ने इस पर विवादास्पद बयान देते हुए कहा कि पहलगाम में हिंदुओं का नरसंहार भारत ने खुद कराया ताकि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग-थलग किया जा सके और चुनावी फायदे उठाए जा सकें। पन्नू ने पाकिस्तान सरकार और जनता से खालिस्तान को मान्यता देने की भी मांग की। उसने कहा, यह 1965 या 1971 नहीं है, यह 2025 है। हम पाकिस्तान के साथ ईंट की तरह खड़े हैं। भारत को पाकिस्तान पर हमला नहीं करने देंगे।

## महाराष्ट्र के भंडारा में हादसा, कार की ट्रक से टक्कर में चार लोगों की मौत

भंडारा , (आरएनएस)। महाराष्ट्र के भंडारा में एक सड़क हादसा सामने आया है, जहां चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह भीषण दुर्घटना मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भंडारा शहर के निकट बेला गांव में बीती रात हुई। बताया जा रहा है कि एक बोलेरो गाड़ी रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी। जब गाड़ी बेला गांव के पास पहुंची, तभी नागपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के समय गाड़ी में पांच लोग सवार थे, जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच, घटना की जानकारी मिलने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात रोक दिया गया। भंडारा पुलिस और गाडेगांव हाईवे पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हादसे में घायल हुए व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही उन्होंने गाड़ी से शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# निशिकांत दुबे ने भारत में ब्याही गई पाकिस्तानी युवतियों का उठाया मुद्दा, दावा- 'इनकी संख्या 5 लाख से ज्यादा

नई दिल्ली,(आरएनएस) । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने पाकिस्तान की उन युवतियों की बात की है जिनका विवाह भारत में हुआ है। उनके मुताबिक पांच लाख से ज्यादा पाकिस्तानी लड़कियां भारत में शादी करके रह रही हैं। निशिकांत दुबे ने कहा कि इन लड़कियों को अभी तक भारत की नागरिकता नहीं मिली है। उन्होंने इन्हें आंतरिक दुश्मन बताते हुए इनसे निपटने की बात कही।निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पाकिस्तानी आतंकवाद का एक नया चेहरा अब सामने



आया, लगभग पांच लाख से ऊपर पाकिस्तानी लड़कियां भारत में शादी कर हिंदुस्तान में रह रही है, आज तक उनको भारत की नागरिकता नहीं मिली है। अंदर घुसे इन दुश्मनों से लड़ना कैसे है? निशिकांत दुबे के इस पोस्ट ने सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में तीखी बहस छेड़ दी है। दरअसल निशिकांत दुबे का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया और कई कड़े कदम उठाए है।सरकार ने सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया है, जो दोनों देशों के बीच जल संसाधनों के बंटवारे का महत्वपूर्ण समझौता था। इसके अलावा, भारत ने शॉर्ट टर्म वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ने का आदेश दिया था।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में अशोक राजपथ पर डबल डेकर रोड और पटना जंक्शन सबवे के निर्माण का निरीक्षण किया.

# इन जोकरों का नाम क्यों ले रहे हैं? शाहिद अफरीदी नाम सुनते ही भड़के ओवैसी

श्रीनगर (ए.)। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी की टिप्पणी पर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी भड़क गए। उन्होंने मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वह कौन है? आप मेरे सामने इन जोकरों का नाम क्यों ले रहे हैं? पाकिस्तान के क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले का दोष भारतीय सेना पर मढ़ा और कहा कि वे नागरिकों को आतंकवादियों से बचाने में असमर्थ हैं। पूर्व ऑलराउंडर की यह टिप्पणी 26 लोगों, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे, के मारे जाने के लगभग एक सप्ताह बाद आई है। यह 2008 में 26/11 के हमलों के बाद भारतीय धरती पर नागरिकों पर हुआ सबसे घातक आतंकी हमला था। इससे पहले ओवैसी ने



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान पर तीखा हमला किया और कहा कि उन्होंने देश के नागरिकों को उनकी धरती पर मारकर आईएसआईएस की तरह काम किया है। महाराष्ट्र के परभणी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने आगे कहा कि पाकिस्तान परमाणु शक्ति होने का दावा नहीं कर सकता और फिर बिना किसी परिणाम के निर्दोष लोगों की हत्या कर सकता है।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान हमेशा परमाणु शक्ति होने की बात करता है; उन्हें यह याद रखना चाहिए कि अगर वे किसी देश में घुसकर निर्दोष लोगों को मारेंगे, तो वह देश चुप नहीं बैठेगा।

# प्रेम त्रिकोण वाली कहानियों के दीवाने हैं दर्शक



मुंबई (ए.)। बॉलीवुड की प्रेम त्रिकोण वाली कहानियों के दर्शक दीवाने हैं। ऐसी फिल्म में दर्शकों को हमेशा ऐसे किस्सों में दिलचस्पी रही है, जहां दो लोगों के बीच एक तीसरे की एंट्री से भावनाओं का जाल और उलझता है। यही वजह है कि मेकर्स इन कहानियों को बार-बार पर्दे पर लाते हैं और अधिकतर बार उन्हें बॉक्स ऑफिस पर सफलता भी मिलती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी ने इसी थीम को फिर से ताजा किया। मेरे हसबैंड की बीवी इस साल फरवरी में सिनेमाघरों में आई। फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह की तिकड़ी नजर आई।

कहानी में अर्जुन, अपनी पहली पत्नी भूमि से तलाक के बाद रकुल से प्यार करने लगते हैं। लेकिन ट्विस्ट तब आता है जब भूमि अपनी याददाश्त खो बैठती हैं और भूल जाती हैं कि तलाक हो चुका है। अर्जुन दोनों के बीच उलझ जाता है और यही टकराव फिल्म की जान बनता है। ऐसी ही प्रेम त्रिकोण पर आधारित एक और शानदार फिल्म थी बाजीराव मस्तानी, जिसमें रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और प्रियंका चोपड़ा ने प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। मराठा पेशवा बाजीराव का दिल मस्तानी पर आ जाता है, जबकि वह पहले से काशीबाई के पति होते हैं। फिल्म में प्यार, बलिदान और संघर्ष की गहराई को खूबसूरती से दिखाया गया। करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर भी इस लिस्ट में शामिल है।

दो बेस्ट फ्रेंड्स अभिमन्यु और रोहन एक ही लड़की शनाया से प्यार करने लगते हैं, जिससे उनकी दोस्ती में दरार आ जाती है। इसी तरह फिल्म कुछ कुछ होता है में भी दोस्ती और प्यार के बीच की उलझन को दर्शाया गया, जहां अंजलि राहुल से प्यार करती है, लेकिन राहुल को टीना से प्रेम हो जाता है। कॉकटेल फिल्म में भी यही कहानी सामने आती है, जहां सैफ अली खान का किरदार दो दोस्तों दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी के बीच उलझ जाता है। शुरुआत में वह वेरोनिका से प्यार करता है, लेकिन धीरे-धीरे मीरा की ओर आकर्षित हो जाता है।

## मैं मुसलमान हूं और शर्मिंदा हूं : हिना खान



मुंबई (ए.)। बालीवुड एक्ट्रेस हिना खान को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने अंदर तक झकझोर दिया है। इस हमले से हिना इतना प्रभावित हुईं कि उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने दिल का दर्द बयां करते हुए देश और लोगों से माफी मांगी है। हिना ने इस हमले को अमानवीय और कायरतापूर्ण बताया। उन्होंने लिखा कि यह दिन उनके लिए एक काले दिन जैसा है। उनकी आंखें नम हैं और दिल बेहद भारी है। उन्होंने कहा कि जब तक हम सच्चाई को स्वीकार नहीं करते, तब तक हमारी संवेदनाएं भी खोखली होती हैं। हिना खान ने आगे लिखा कि यह हमला उन लोगों ने किया, जो खुद को मुसलमान कहते हैं, लेकिन उनका इस्लाम या किसी भी धर्म से कोई लेना-देना नहीं हो सकता।

उन्होंने लिखा कि अगर किसी मुसलमान को भी धर्म के आधार पर इस तरह मारा जाता, तो भी उतना ही दर्द होता। एक अन्य पोस्ट में हिना ने बेहद भावुक होते हुए लिखा कि वह एक मुसलमान हैं और एक इंसान के तौर पर शर्मिंदा हैं। उन्होंने कहा कि वे उन सभी से माफी मांगती हैं, जिनके दिल इस घटना से टूटे हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि जिसने भी यह बर्बरता की, उसका कोई मजहब नहीं था, वो इंसानियत से कोसों दूर था। हिना खान ने अपने देश के प्रति गहरा प्रेम दिखाते हुए कहा कि वे एक भारतीय मुसलमान हैं और उन्हें अपने संविधान, सेना और देश की आत्मा पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि ऐसे आतंकियों के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए।

अपने तीसरे पोस्ट में हिना ने कश्मीर की बदलती तस्वीर की बात की और लिखा कि अब कश्मीर बदल चुका है। यहां अब भारत माता की जय के नारे गूंजते हैं और बच्चे तिरंगा लेकर गर्व से चलते हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर को अब आतंक नहीं, टूरिज्म और भाईचारा चाहिए। अंत में हिना ने कहा कि अब कोई मजहब नहीं, कोई राजनीति नहीं - सिर्फ एक पहचान होनी चाहिए, और वो है भारतीय। बता दें कि पहलगाम में आतंकियों ने टूरिस्टों से धर्म पूछकर गोलियां बरसा दीं, जिसमें 28 मासूम लोगों की जान चली गई।

## क्यों फिल्ममेकर्स चाहते हैं काजोल फिल्म के सेट पर गिर जाए? अभिनेत्री ने खुद साझा की असल वजह



हाल ही में अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की नई एक्ट्रेस शुभांगी को दर्शकों के सामने इंट्रोड्यूस करने का काम काजोल ने किया। वह जब इवेंट में पहुंचीं तो अचानक गिरते-गिरते बचीं। इस बात से अनुपम खुश नजर आए। अनुपम ही नहीं कई और डायरेक्टर्स भी अक्सर चाहते हैं कि काजोल उनकी फिल्म के सेट पर गिर जाए जानिए, क्या है इसके पीछे असल कारण

**काजोल बोलीं मैं गिर गई**

अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का एक इवेंट मुंबई में हुआ, यहां पर फिल्म की हीरोइन को काजोल ने इंट्रोड्यूस कराया। इस इवेंट में अनुपम खेर की मां दुलारी भी आईं। काजोल ने दुलारी जी का हाथ पकड़ा हुआ था कि अचानक उनका बैलेंस बिगड़ गया और वह लगभग गिर ही गई थीं। बाद में काजोल ने अनुपम खेर को फिल्म के लिए बधाई दी और कहा, 'देखिए, मैं गिर भी गई।' इस पर अनुपम खेर मुस्कुराए और बोले यह अच्छा रहा। दरअसल, जब कभी किसी फिल्म के सेट पर, उससे जुड़े इवेंट पर काजोल गिरती हैं तो वह फिल्म हिट हो जाती है। इस बात पर यकीन करना मुश्किल है लेकिन यही सच है। इस बारे में काजोल कई इंटरव्यूज में बात कर चुकी हैं।

## तमिलनाडु में शुरू हुई 'रेट्रो' की एडवांस बुकिंग, जानिए सूर्या की फिल्म ने कितने कमाए



एक्शन ड्रामा फिल्म 'रेट्रो' 1 मई को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की रिलीज से पहले इसकी एडवांस बुकिंग तमिलनाडु में शुरू हो चुकी है। आइए जानते हैं फिल्म ने एडवांस बुकिंग में कितने की कमाई की है। पिंकविला की एक खबर के मुताबिक, सूर्या की नई फिल्म 'रेट्रो' 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कार्तिक सुब्बाराज के निर्देशन में बनी इस रोमांटिक-एक्शन फिल्म में पूजा हेगड़े भी मुख्य भूमिका में हैं। तमिलनाडु में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इसे शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है।

## चहल की पूर्व पत्नी धनश्री कर रही एक्टिंग की शुरुआत

मुंबई (ए.)। भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पूर्व पत्नी एवं डांस कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा अब फिल्मों में काम करने जा रही है। अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत धनश्री वर्मा तेलुगू फिल्म अकासाम दाती वास्तावा से करने जा रही हैं। यह एक डांस बेस्ड फिल्म होगी, जिसमें धनश्री अपनी डांसिंग स्किल्स का प्रदर्शन करेंगी। फिल्म का प्रोडक्शन दिल राजू द्वारा किया जा रहा है, जो पहले भी संक्रांथिकी वास्तुनम, वारिसू और एचआईटी: द फस्ट केस जैसी चर्चित फिल्मों को प्रोड्यूस कर चुके हैं।



इस फिल्म का निर्देशन श्री सासी कुमार कर रहे हैं, और आने वाले हफ्तों में फिल्म की पूरी कास्ट की जानकारी सामने आने की उम्मीद है। हाल ही में, धनश्री ने फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए शूटिंग खत्म होने की जानकारी दी थी। उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा, और यह खत्म हो गया मेरी पहली फिल्म, मेरी खास फिल्म और यह आपके लिए है हैदराबाद। अपनी पहली फिल्म पूरी करने का एहसास अलग होता है। बहुत एक्साइटेड और नर्वस। अपनी सुपर टीम और दिल राजू प्रोडक्शंस के साथ बेहतरीन समय बिताया। थिएटर में मिलते हैं। भगवान की प्लानिंग।

इस पोस्ट के जरिए उन्होंने अपनी पहली तेलुगू फिल्म के बारे में जानकारी दी। फिल्म में डांस कोरियोग्राफर यशवंतकुमार जीवकुंतला लीड किरदार निभा रहे हैं, जबकि मलयालम एक्ट्रेस कार्तिका मुरलीधरन भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। धनश्री ने पहले ही अपनी शूटिंग मुंबई और हैदराबाद में पूरी कर ली है। धनश्री वर्मा एक प्रसिद्ध डांस टीचर और सोशल मीडिया पर डांस वीडियो के लिए जानी जाती हैं। उनके यूट्यूब और इंस्टाग्राम वीडियो में सेलेब्रिटीज को डांस करते हुए देखा गया है।

सुदामा/ईएमएस 28 अप्रैल 2025

## 'केसरी वीर : लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' का नया पोस्टर जारी




मुंबई (ए.)। बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'केसरी वीर- लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' दर्शकों के बीच गहरी उत्सुकता जगा रही है। भव्य पीरियड ड्रामा का नया पोस्टर हाल ही में रिलीज़ किया गया है, जिसमें सुनील शेट्टी को एक निडर योद्धा वेगड़ा जी के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

उनके हाथ में खून से सनी कुल्हाड़ी और युद्धभूमि पर डटा रफ लुक दर्शकों को गहरे प्रभाव में डालता है। पोस्टर में जहां युद्ध का उग्र माहौल है, वहीं बैकड्रॉप में गुजरात का ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर फिल्म के पवित्र और वीरतापूर्ण भाव को और अधिक सशक्त बनाता है। सुनील शेट्टी की भूमिका न केवल एक फिजिकली ताकतवर योद्धा की है, बल्कि इसमें एक आध्यात्मिक और भावनात्मक गहराई भी देखने को मिलेगी। उनकी उपस्थिति को एक शक्तिशाली बैकग्राउंड स्कोर द्वारा और भी ऊंचाई पर ले जाया गया है। फिल्म में सूरज पंचोली युवा राजपूत योद्धा वीर हमीरजी गोहिल की भूमिका में नजर आएंगे एक ऐसा किरदार जो साहस और आत्मबल की मिसाल होगा।

वहीं विवेक ओबेरॉय खलनायक जफ़र की भूमिका निभाते हुए पूरी कहानी में तनाव और टकराव का एक मजबूत पक्ष प्रस्तुत करेंगे। फिल्म से अपना डेब्यू कर रही आकांक्षा शर्मा, सूरज पंचोली के किरदार के साथ एक भावनात्मक रोमांटिक ट्रैक के जरिए दर्शकों के दिलों को छूने वाली हैं।

## खराब होने के बाद भी क्यों नहीं लगते हैं केले में कीड़े, पढ़ें इसको खाने के सही तरीके



केला सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है. केला ना केवल खाने में स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें कई पोषक तत्व होते हैं. रोजाना केला खाने से शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है.

### केले की वैरायटी

दुनियाभर में केले की करीब 1000 से ज्यादा वैरायटी पाई जाती है. भारत में केले की करीब 33 किस्में उगाई जाती है. इसमें कई केले की किस्में बेहद स्वादिष्ट होती है. 12 किस्में अपने अलग-अलग साइज और कलर के लिए फेमस है.

### केले में क्यों नहीं लगते कीड़े

हर किसी ने देखा ही होगा कि केले में कीड़े नहीं लगते हैं. इसका कारण यह के केले के फल में साइनाइड नाम का केमिकल पाया जाता है. इस कारण इस फल में कीड़े नहीं लग सकते हैं. इसके अलावा केले में भारी मात्रा में विटामिन बी 6, विटामिन सी, पोटेशियम आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं. यह शरीर को फिट और चुस्त और हेल्दी रखने में मदद करता है.

### केले खाने के फायदे

दिल के लिए फायदेमंद

केले में मौजूद पोटैशियम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे दिल के रोगों का खतरा कम होता है.

### वजन कंट्रोल

केले में फाइबर होता है. जिससे की लंबे टाइम तक पेट भरा हुआ महसूस होता है. जिससे की आपको ज्यादा भूख नहीं लगती हैं और वजन भी कंट्रोल रहता है.

### स्किन के लिए

केले में विटामिन सी होता है जो कि स्किन के लिए फायदेमंद होता है और उसको स्वस्थ रखने में भी मदद करता है.

### डाइजेशन के लिए

केले में फाइबर होता है जो कि डाइजेशन के लिए बेस्ट होता है और उसे हेल्दी रखने में मदद करता है और कब्ज की दिक्कत से भी बचाता है.

### मांसपेशियों के लिए

केले में पोटेशियम और मैग्निशियम होते हैं जो कि मांसपेशियों के लिए फायदेमंद होता है.

### मूड को ठीक

केले में विटामिन बी6 होता है जो कि मेंटल हेल्थ में सुधार लाता है और मूड को ठीक रखने में मदद करता है.

### आंखों के लिए

केले में मौजूद विटामिन ए आंखों के लिए फायदेमंद होता है.

कैसे खाएं केले

आप दिन के किसी भी समय केला खा सकते हैं. इसे नाश्ते में, दोपहर के खाने के रूप में या स्नैक्स के रूप में खा सकते हैं. आप इसे अकेले खा सकते हैं या दही, पीनट बटर या खाने के कुछ समय बाद खा सकते हैं.

### एक दिन में कितने खाएं केले

आप एक दिन में एक से दो केले खा सकते हैं. हालांकि, अगर आप किसी बीमारी से पीड़ित हैं, तो डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर होगा.

## बॉलीवुड अभिनेत्रियों का ओटीटी पर धमाल, क्राइम-थ्रिलर-रोमांस से जीता दिल, द रॉयल्स में दिखेगा शाही अंदाज

कृति सेनन से लेकर विद्या बालन तक कई अभिनेत्रियों ने ओटीटी पर अपनी फिल्मों और सीरीज से काफी प्रसिद्धि हासिल की है। अब इस लिस्ट में भूमि पेडनेकर का नाम भी शामिल होने जा रहा है। भूमि की सीरीज 'द रॉयल्स' जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। आइए जनते हैं भूमि से पहले किन अभिनेत्रियों की सीरीज और फिल्में ओटीटी पर रिलीज हो चुकी हैं।


**भूमि पेडनेकर**














सबसे पहले बात करते हैं भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर की आगामी वेब सीरीज %द रॉयल्स%, जो 9 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस सीरीज में नोरा फतेही, साक्षी तंवर, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, डिनो मोरिया जैसे सितारे भी होंगे। प्रीतीश नंदी कम्युनिकेशंस के बैनर तले बनी इस सीरीज की कहानी नेहा वीना शर्मा ने लिखी है।

**परिणीति चोपड़ा**

परिणीति जल्द ही नेटफ्लिक्स की एक थ्रिलर-ड्रामा वेब सीरीज में नजर आएंगी। इस सीरीज की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। इसमें परिणीति के साथ सोनी राजदान, जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी और ताहिर राज भसीन भी होंगे। रेंसिल डिसिल्वा के निर्देशन में बनी इस सीरीज में कई ट्विस्ट और टर्न होंगे।

**कृति सेनन**

कृति ने थ्रिलर फिल्म दो पत्ती से ओटीटी पर डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने सौम्या का किरदार निभाया, जिसमें काजोल इंस्पेक्टर विद्या ज्योति के रोल में थीं। देवीपुर गांव की रहस्यमयी कहानी में हत्या की गुत्थी सुलझाने की कहानी ने दर्शकों को बांधे रखा। कृति के अभिनय को खूब सराहना मिली। इस फिल्म से टीवी स्टार शहीर शेख ने भी बॉलीवुड में कदम रखा।

**अनन्या पांडे**

अनन्या ने कॉल मी बे से ओटीटी पर शुरुआत की। इस सीरीज में उन्होंने बेला का किरदार निभाया, जो दिल्ली की सोशलाइट से मुंबई की पत्रकार बनती है। उनकी ताजगी भरी एक्टिंग ने फैंस का दिल जीता। यह सीरीज अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हुई थी। इसका निर्माण करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस ने किया था।

**वाणी कपूर**

वाणी ने क्राइम थ्रिलर मंडला मर्डर्स से ओटीटी पर डेब्यू किया। इस सस्पेंस भरी सीरीज का निर्देशन गोपी पुथरन ने किया और इसे यशराज फिल्म्स ने बनाया। वाणी ने कहा कि इस किरदार ने उन्हें कुछ नया और चुनौतीपूर्ण करने का मौका दिया।

**विद्या बालन**

विद्या की फिल्म शेरनी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने वन अधिकारी विद्या विन्सेंट का किरदार निभाया, जो एक शेरनी को बचाने की कोशिश करती है। उनकी एक्टिंग ने सामाजिक मुद्दों को उजागर किया और दर्शकों से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली।

## भुवनेश्वर कुमार ने रचा इतिहास, आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बने दूसरे गेंदबाज

दिल्ली, (ए)। आईपीएल 2025 का 46वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जा रहा है. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में आरसीबी के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने इतिहास रच दिया है. वो आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट ने लेने वाले पहले तेज गेंदबाज भी हैं।

इस मैच में भुवनेश्वर कुमार ने गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है. भुवी ने इस मैच में 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट हासिल किए. इसके साथ ही भुवी ने यह खास उपलब्धि हासिल कर ली है. उन्होंने भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला को पीछे छोड़कर यह मुकाम हासिल किया है जिनके नाम भुवी से पहले आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज का खिताब दर्ज था।

अब भुवनेश्वर कुमार 185 मैचों में 193 विकेट लेकर आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज भी हैं. उनसे आगे सिर्फ युजवेंद्र चहल हैं जिन्होंने 169 मैचों में 214 विकेट हासिल किए हैं. अब तीसरे स्थान पर पीयूष चावला मौजूद हैं जिनके नाम 192 मैचों में 192 विकेट मौजूद हैं।

इस मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए. दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 39 बॉल में 3 चौकों की मदद से 41 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 बॉल में 5 चौके और 1 छक्के के साथ 34 रनों की पारी खेली. फाफ डु प्लेसिस ने 22 और अभिषेक पोरेल ने 28 रनों का योगदान दिया. आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने 3 और जोश हेजलवुड ने 2 विकेट चटकाए. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक आरसीबी 7 ओवर में 3 विकेट खोकर 45 रन बना चुकी है।

## आरसीबी ने दिल्ली को हराकर टॉप पर किया कब्जा, क्रुणाल पांड्या बने प्लेयर ऑफ द मैच

नई दिल्ली, (ए)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के 46वें मैच दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराकर प्वाइंट्स टेबल में 14 अंकों के साथ नंबर एक पर कब्जा कर लिया है. इसके साथ ही आरसीबी ने प्लेऑफ में भी अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है. वहीं इस हार के साथ दिल्ली 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

इस मैच में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए. दिल्ली से जीत के लिए मिले 163 रनों के लक्ष्य को 18.3 ओवर में 9 बॉल बाकी रहते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाकर हासिल कर लिया और 6 विकेट से मैच जीत लिया. आरसीबी की जीत के हीरो क्रुणाल पांड्या रहे।

आरसीबी के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली ने 47 बॉल में 4 चौकों की मदद से 51 रनों की पारी खेली. तो वहीं क्रुणाल पांड्या ने 47 बॉल में 5 चौके और 4 छक्कों के साथ नाबाद 73 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी. उन्होंने बल्ले के अलावा गेंद के साथ भी एक 1 विकेट हासिल किया जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. डीसी के लिए अक्षर पटेल ने 2 और दुष्मंता चमीरा ने 1 विकेट हासिल किया।

दिल्ली के लिए केएल राहुल ने 39 बॉल में 3 चौकों की मदद से 41 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 बॉल में 5 चौके और 1 छक्के के साथ 34 रनों की पारी खेली. फाफ डु प्लेसिस ने 22 और अभिषेक पोरेल ने 28 रनों का योगदान दिया. आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने 3 और जोश हेजलवुड ने 2 विकेट चटकाए।

# आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करना पड़ा भारी, ऋषभ पंत पर लगा 24 लाख का जुर्माना



मुंबई, , (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 45वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को मुंबई इंडियंस से 54 रनों से हार का सामना करना पड़ा. जिसके बाद वो अंक तालिका में छठे नंबर पर लुढ़क गई।

जहां इस हार से लखनऊ को अंक तालिका में एक पायदान का नुकसान हुआ है वहीं कप्तान ऋषभ पंत सहित पुरी टीम पर धीमी ओवर गति की वजह से दूसरा बड़ा झटका लगा है. चूंकि यह एलएसजी का इस सीजन का ये दूसरा अपराध था, इसलिए पंत पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है।

आईपीएल ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि इस मैच के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स की प्लेइंग इलेवन के अन्य सदस्यों, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, पर छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा।

मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने जसप्रीत बुमराह (4-22) और ट्रेंट बोल्ट (3-20) की शानदार गेंदबाजी और रयान रिकेल्टन और सूर्यकुमार यादव ने आक्रामक अर्धशतक जड़कर लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

लखनऊ के लिए यह हार बहुत मुश्किल थी, क्योंकि इससे वे 2025 के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में पिछड़ गए. दोनों टीमें 10 अंकों के साथ खेल में उतरीं, लेकिन मुंबई इंडियंस तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

मुंबई इंडियंस ने आखिरी बार लगातार पांच मैच 2020 में जीते थे, जब वे खिताब जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार थे. मुंबई में एक ड्रीम सीजन की शुरुआत हो चुकी है, क्योंकि उन्होंने अपने शुरुआती पांच मैचों में केवल एक जीत के साथ सीजन की शुरुआत की और उसके बाद से शानदार वापसी की है।

## मुंबई इंडियंस ने लखनऊ को हराकर दूसरे स्थान पर मारी छलांग, सूर्या और बुमराह ने मचाया धमाल

### जैक्स रहे मैच के हीरो

मुंबई, (ए)। आईपीएल 2025 का 45वां मैच में मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेला गया जहां मुंबई ने लखनऊ को 54 रनों से हरा दिया है. इस जीत के साथ ही



मुंबई इंडियंस की टीम प्वाइंट्स टेबल में 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है. मुंबई को 10 में से 6 मैचों में जीत मिली है जबकि उसे 4 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है. लखनऊ की बात करे तो इस हार के साथ लखनऊ की टीम 10 मैचों में 5 जीत और 5 हार के साथ 10 प्वाइंट्स लेकर 6वें स्थान पर हैं.

इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला किया. इसके साथ ही उन्होंने मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया. मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 215 रन बनाए. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 20 ओवर में 161 रनों पर ढेर हो गई और 54 रनों से मैच हार गई.मुंबई से जीत के लिए 216 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ के बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया. टीम के लिए मिशेल मार्श (34), निकोलस पूरन (27) और आयुष बदोनी (35) रन बना पाए. जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए जबकि ट्रेंट बोल्ट ने 3 और विल जैक्स ने दो विकेट हासिल किए।

# आईपीएल में आज होगा केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला



### शाम साढ़े सात बजे से होगा मैच

नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपना स्थान पक्का करना चाहेगी। दिल्ली के अभी 12 अंक है ओर वह अंकतालिका में चौथे नंबर पर है, वहीं केकेआर की टीम 7 अंक के साथ ही सातवें नंबर पर है। इस प्रकार देखा जाये तो इस मैच में दिल्ली जीत की प्रबल दावेदार है। दिल्ली की टीम इस मैच में एक बार फिर जीत हासिल कर पिछले चार मैच में से दो में मिली हार से उबरना चाहेगी। दिल्ली की टीम की बल्लेबाजी अच्छी है। उसके पास केएल राहुल जैसा अनुभवी बल्लेबाज है। शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल भी बल्लेबाजी कर रहे हैं। राहुल इस सत्र में दिल्ली के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं हालांकि पिछले मैच में वह स्पिनरों के खिलाफ विफल रहेहे। ऐसे में उन्हें इस मैच में केकेआर के सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की अनुभवी स्पिन जोड़ी से सतर्क रहना होगा। दिल्ली को करुण नायर से भी अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजी की कमान कप्तान अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क संभालेंगे। बीच के ओवरों में कुलदीप यादव पर बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी रहेगी। दिल्ली को अपने क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करना होगा। आरसीबी के खिलाफ उसने कई अवसर छोड़े थे।वहीं दूसरी ओर केकेआर के अभी सिर्फ सात अंक हैं और टीम तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है। टीम अपने पिछले तीन मैच में जीत दर्ज करने में विफल रही है, जिसमें दो में उन्हें हार मिली और एक मैच का परिणाम नहीं निकला। केकेआर को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए यह मैच हर हाल में जीतना होगा। आजिंक्य रहाणे की कप्तानी में उतरी केकेआर की राह आसान नहीं रही है। उसकी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ,सुनील नरेन और रहमानुल्लाह गुरबाज व अंगकृष रघुवंशी पर आधारित रही है। मध्यक्रम में वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह अब तक विफल रहे हैं। टीम की गेंदबाजी वरुण के अलावा नरेन व वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा संभालेंगे।

## विराट ने राहुल के ही अंदाज में जश्न मनाया

नई दिल्ली (ए)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के बाद उसी अंदाज में जश्न मनाया जिस प्रकार से राहुल ने एक सप्ताह पहले आरसीबी के खिलाफ जीत के बाद मनाया था। आरसीबी ने अब दिल्ली के खिलाफ मैच 7 विकेट से जीता है। इस मैच में आरसीबी की टीम एक समय मुश्किल में थी पर इसके बाद कोहली ने क्रुणाल पंड्या के साथ साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी। विराट ने जीत के करीब पहुंचकर छक्का लगाने का प्रयास किया पर वह कैच हो गये। मैच समाप्त होने के बाद जब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी आपस में बात कर रहे थे। तब विराट बड़े प्यार से राहुल के पास गए और उन्होंने राहुल के ही अंदाज में जश्न मनाया। विराट ने इसके बाद राहुल को गले लगा लिया। कोहली जश्न के दौरान मुस्कुराते दिखे, राहल भी तब हंस रहे थे।



# विदेश समाचार

## यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत

सना, (आरएनएस)। यमन की हूती-नियंत्रित राजधानी सना पर हाल में हुए अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत हो गई। हूती-संचालित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एक बयान में यह जानकारी साझा की।

अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। उत्तरी सना के बानी अल-हरिथ जिले में अमेरिकी लड़ाकू विमानों की बमबारी में तीन घरों के मलबों में दबे लोगों की तलाश बचाव दल द्वारा की जा रही है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने बताया कि रविवार को पूरे उत्तरी यमन में राजधानी सहित कई स्थानों पर लगभग 20 अमेरिकी हवाई हमले किए गए।

दावा किया गया कि इस हवाई हमले में दक्षिणी और उत्तरी सना में दो घरों को निशाना बनाया गया था, जिसमें कथित तौर पर दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए थे।

## अब्बास बंदरगाह पर हुआ भीषण धमाका, क्या इसमें मोसाद का हाथ



तेहरान (ए)। ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर हुआ भीषण धमाका मिडल ईस्ट में फिर तनाव को बढ़ा सकता है। विस्फोट में 40 लोगों की जान चली गई और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हो गए। क्या यह सिर्फ एक दुर्घटना थी, या इसके पीछे किसी साजिश का हाथ था? कुछ जानकारों का कहना है कि धमाके में मिसाइल ईंधन बनाने वाले रसायन की बड़ी खेप शामिल थी, इस इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद से जोड़ा जा रहा है।ईरानी मीडिया ने धमाके के लिए खतरनाक रसायनों के कंटेनरों को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन इन रसायनों का नाम नहीं बताया गया। हालांकि, एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों का कहना है कि यह सोडियम परक्लोरेट हो सकता है, जो मिसाइलों के लिए ठोस ईंधन बनाने में इस्तेमाल होता है। धमाके के बाद, सोशल मीडिया पर यह चर्चा हो रही है कि मोसाद का इसमें हाथ हो सकता है। हालांकि, ईरान ने इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने धमाके की जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि, ईरान के अधिकारियों ने सैन्य सामग्री से जोड़ने से इंकार किया है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, फरवरी और मार्च में बंदरगाह पर मिसाइल ईंधन के लिए रसायन की बड़ी खेप आई थी, जिससे ये आशंका और गहरी हो गई है कि यह हमला किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। इस बीच, इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर हवाई हमला किया, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया।

## पाकिस्तान की अब खैर नहीं, भारत ने फ्रांस के साथ की 26 राफेल मरीन की डील

इस्लामाबाद (ए)। हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच, भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। भारत ने आज फ्रांस के साथ भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-एम (मरीन) लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए लगभग 63,000 करोड़ रुपये के मेगा सौदे पर हस्ताक्षर किए। इस सौदे को पाकिस्तान के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। यह डील ऐसे समय में हुई है जब पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इस हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी और भारत ने इसके लिए सीधे तौर पर पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। भारत सरकार पहले ही पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठा चुकी है, जिसमें अटारी सीमा पर व्यापार बंद करना भी शामिल है।

## भारत से तनाव के बीच चीन के पैरों में गिरा पाकिस्तान, मांग रहा 10 अरब युआन का कर्ज

इस्लामाबाद, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंधों में आए भारी तनाव के बीच, पाकिस्तान एक बार फिर आर्थिक मदद के लिए अपने करीबी दोस्त चीन की ओर देख रहा है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने चीन से 10 अरब युआन (लगभग 1.4 अरब डॉलर) का अतिरिक्त कर्ज मांगा है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट में पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान ने चीन से अपनी मौजूदा 'स्वैप लाइन' (दो देशों के केंद्रीय बैंकों के बीच मुद्रा अदला-बदली का समझौता) को 10 अरब युआन तक बढ़ाने का अनुरोध किया है। वित्त मंत्री औरंगजेब ने अमेरिका के वाशिंगटन में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और विश्व बैंक की बैठकों के दौरान रॉयटर्स को दिए एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के पास पहले से ही चीन के साथ 30 अरब युआन की स्वैप लाइन है। पाकिस्तान ने उम्मीद जताई है कि वह इस साल के अंत से पहले 'पांडा बॉन्ड' (चीन के घरेलू बाजार में गैर-चीनी संस्थाओं द्वारा जारी किए गए बॉन्ड) भी लॉन्च करेगा।

यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने चीन से अतिरिक्त वित्तीय सहायता मांगी है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में भी पाकिस्तान ने चीन से 10 अरब युआन के अतिरिक्त कर्ज का अनुरोध किया था। नकदी की भारी किल्लत का सामना कर रहा पाकिस्तान पहले ही चीन से मिली 30 अरब युआन (करीब 4.3 अरब डॉलर) की मौजूदा व्यापार सुविधा का उपयोग कर चुका है।पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा उठाए गए कड़े कदमों और दोनों देशों के बीच बढ़ी तनातनी के माहौल में पाकिस्तान की यह कर्ज मांग उसकी कमजोर आर्थिक स्थिति और मित्र देशों पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाती है।

## पहलगाम हमले के बाद पाक में उतरे कई हरक्यूलिस विमान, चीन के बाद कौन कर रहा सैन्य मदद?



इस्लामाबाद, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच गहराए तनाव के बीच, पाकिस्तान को अपने करीबी सहयोगी देशों तुर्की और चीन से सैन्य मदद मिलती दिख रही है। सीमा पर लगातार चौथी रात पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी और भारतीय जवानों द्वारा दिए गए मुंहतोड़ जवाब के बीच, तुर्की के सैन्य विमानों का पाकिस्तान पहुंचना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

रिपोर्टों के अनुसार, रविवार, 27 अप्रैल को तुर्की वायु सेना के C-130 हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान कराची में उतरा, जिसमें युद्ध सामग्री लदी थी। इसके बाद, छह और तुर्की C-130 विमान इस्लामाबाद के एक सैन्य अड्डे पर पहुंचे। पाकिस्तान इसे भारत से तनाव के बीच अपने लिए एक अहम सैन्य सहायता मान रहा है। हालांकि, इन विमानों में लाई गई सैन्य सामग्री की पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।तुर्की से सैन्य मदद ऐसे समय में आई है जब हाल ही में चीन द्वारा भी पाकिस्तान को घातक हथियार दिए जाने की खबरें हैं। बताया जा रहा है कि चीन ने पाकिस्तान को ड्रोन जैसे रक्षा उपकरण भेजे हैं। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया है कि पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) को चीन से अत्याधुनिक PL-15 बहुत लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइलों की त्वरित डिलीवरी मिली है। पीएएफ ने अपने नए JF-17 ब्लॉक III लड़ाकू विमानों की तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें ये मिसाइलें लगी दिख रही हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि तुर्की, पाकिस्तान और चीन के बीच बढ़ता यह सैन्य सहयोग दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। यदि ये रिपोर्ट्स सही हैं कि चीन से पाकिस्तान को हथियारों की आपातकालीन आपूर्ति हो रही है, तो यह दर्शाता है कि बीजिंग भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के इस नाजुक मोड़ पर इस्लामाबाद का साथ दे रहा है। यह स्थिति क्षेत्रीय स्थिरता के लिए चिंताजनक मानी जा रही है और इस पर भारत तथा अन्य देशों की कड़ी नजर है।

## सऊदी अरब ने पाक को फिर दिखाई 'औकात', हज पर भी नहीं जा पाएंगे ये 67000 पाकिस्तानी

इस्लामाबाद,(आरएनएस)। पहलगाम हमले के बाद भारत के संभावित जवाब के डर से कांप रहे पाकिस्तान के लिए अब सऊदी अरब से भी एक बुरी खबर आई है। हज यात्रा 2025 शुरू होने से पहले सऊदी सरकार ने एक ऐसा



कदम उठाया है जिससे 67 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी निजी हज यात्री इस साल हज के लिए नहीं जा पाएंगे। इसे पाकिस्तान के लिए एक और बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर तब जब पाकिस्तान 29 अप्रैल को हज के लिए अपनी पहली उड़ान रवाना करने वाला है।रिपोर्टों के अनुसार, इस साल निजी हज कार्यक्रम के तहत कुल 90,830 पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों को हज यात्रा करनी थी, लेकिन सऊदी सरकार द्वारा संख्या सीमित किए जाने के कारण अब सिर्फ 23,620 पाकिस्तानी ही निजी तौर पर हज के लिए जा सकेंगे। धार्मिक मामलों के मंत्रालय के मुताबिक, इसका मतलब है कि इस साल निजी श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले हर चार में से तीन पाकिस्तानी तीर्थयात्री हज के पवित्र अवसर से वंचित रह जाएंगे। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान 29 अप्रैल को इस्लामाबाद से सऊदी अरब के लिए पहली हज उड़ान रवाना करने की तैयारी कर रहा है, जो पाकिस्तान के हज संचालन 2025 की शुरुआत का प्रतीक होगी। सऊदी अरब के इस कदम से 67,210 पाकिस्तानी निजी हज यात्रियों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं।

## सिंधु नहर प्रोजेक्ट : एक बार फिर पीपीपी ने दी शरीफ सरकार से बाहर निकलने की धमकी

इस्लामाबाद, (आरएनएस)। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने कहा कि अगर कॉमन इंटरेस्ट्स काउंसिल (सीसीआई) की आगामी बैठक में सिंधु नहर संबंधी मुद्दे का समाधान नहीं हुआ तो वह संघीय सरकार से बाहर निकल जाएगी और अपना समर्थन वापस ले लेगी।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सिंधु नदी पर छह नहरों के निर्माण के मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिए 2 मई को सीसीआई की बैठक बुलाई गई थी।बता दें सिंधु नदी पर नहरों के निर्माण का भारी विरोध हो रहा है विशेष तौर पर सिंध प्रांत ने जहां प्रदर्शनों का सिलसिला रुक नहीं रहा है।पीपीपी नेता और सिंध के ऊर्जा मंत्री नासिर शाह ने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, अगर सीसीआई की बैठक में नहरों का मुद्दा नहीं सुलझा तो पीपीपी सरकार से अलग हो जाएगी।

नासिर शाह के नेतृत्व में पीपीपी प्रतिनिधिमंडल ने सरकार में अपने गठबंधन सहयोगी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के साथ बैठक की। उन्होंने एमक्यूएम नेताओं से अनुरोध किया कि वे रिक्त सीट के लिए आगामी सीनेट उपचुनाव से अपना उम्मीदवार वापस ले लें।

एमक्यूएम-पी के साथ बैठक के बाद शाह ने कहा कि नहर मुद्दे ने पूरे प्रांत के लोगों को एकजुट कर दिया है, क्योंकि यह सिंध के लिए काफी अहम है।शाह ने कहा, हम जानते हैं कि अगर पीपीपी सरकार से बाहर निकलती है, तो वह चल नहीं सकती है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि सरकार नहर मुद्दे पर अपना वादा पूरा करेगी। पाकिस्तानी सरकार ने ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव के तहत 3.3 अरब डॉलर की लागत से छह नहरों का निर्माण करने की योजना बनाई है, जिससे दक्षिण पंजाब में 12 लाख एकड़ कथित बंजर भूमि को सिंचित किया जाएगा। हालांकि, सिंध प्रांत ने इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है।

# जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग एवं वाटर रिचार्ज स्थापित करें औद्योगिक इकाइयां : कलेक्टर

## -सीएसआर फंड से करें कुओं को पुर्नजीवित एवं बावड़ियों का जीर्णोद्धार - कलेक्टर
## -जल संरक्षण के संबंध में उद्योग प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित




सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण गतिविधियों में औद्योगिक इकाइयों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के उद्योग प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर बालागुरू के द्वारा उद्योग विभाग एवं औद्योगिक इकाइयों द्वारा संचालित की जा रही जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों की समीक्षा भी की गई। बैठक जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि उद्योगों की भूमिका जल संरक्षण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। कलेक्टर बालागुरू के. ने औद्योगिक इकाइयों में जल संरक्षण के लिए रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं ग्राउंड वाटर रिचार्ज सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नालों में मिलने वाले अपशिष्ट पदार्थों के निपटान के संबंध में अपशिष्ट संयंत्र लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जल के अपव्यय को रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए तथा सीएसआर फंड से बावड़ियों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा कुओं को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जाए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश में प्रारंभ किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान अत्यधिक महत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी की सक्रिय भागीदारी नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यदि आज हम जल बचाने के प्रयास नहीं करेंगे तो भविष्य की पीढ़ियों को जल संकट का गंभीर सामना करना पड़ेगा। जल केवल जीवन के लिए ही नहीं, बल्कि आर्थिक, औद्योगिक और पर्यावरणीय संतुलन के लिए भी अनिवार्य है। हमें अपने घरों, उद्योगों और सार्वजनिक स्थलों पर जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए।

## राठौर समाज ने फूंका आतंकवाद का पुतला

सीहोर (निप्र)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत से पूरे देश में आक्रोश फैल गया है। आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को गंज स्थित राठौर धर्मशाला में राठौर क्षत्रिय समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक के पश्चात श्रद्धांजली अर्पित कर आतंकवाद का पुतला फूंका। गंज स्थित राठौर धर्मशाला में राठौर क्षत्रिय समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज के वरिष्ठ और युवा शामिल रहे। बैठक में कई सामाजिक मुददों पर चर्चा की गई। वीर दुर्गादास पार्क में सामुदायिक भवन निर्माण, धर्मशाला में पानी के लिए एक बोरबेल कराना, धर्मशाला में जीणोद्धार कार्य कराना, पार्क निर्माण समीति अध्यक्ष और मंदिर समीति अध्यक्ष तय करने की प्रक्रिया पर बातचीत की गई। बैठक उपरांत समाज के लोगों ने कश्मीर हमले मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आंतकवादियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बैठक में अध्यक्ष रामचंदर राठौर, राजकुमार राठौर, पूरन राठौर, मुकेश राठौर, प्रमोद कुमार राठौर, देवेन्द्र राठौर, भानु राठौर, दिपेश राठौर, सविता राठौर, दिलीप राठौर, जितेन्द्र राठौर, प्रदीप राठौर, पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर, पूर्व अध्यक्ष प्रेम पहलवान, युवा संगठन अध्यक्ष जितेंद्र राठौर नरेंद्र राठौर संरक्षक राजेश राठौर आदि शामिल थे।

# थाली-चम्मच बजाकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

## जारी रहा आंदोलन, संविदा नीति 2023 लागू करने की मांग, अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरु



सीहोर (निप्र)। अपनी मांगों के समर्थन में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने सोमवार को अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। टाउन हाल पर धरना दे रहे ये कर्मचारी घरों से थाली और चम्मच लेकर पहुंचे और बजाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वे 22 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं और अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल भी शुरू कर दी है।संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की प्रमुख मांग संविदा नीति 2023 को शीघ्र लागू करने की है। कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संविदा कर्मियों की पंचायत में जो वादे किए थे, वे अब तक पूरे नहीं किए गए। कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार मांगें उठाए जाने के बावजूद सरकार ने समाधान नहीं किया, जिससे उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।संविदा कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इसी बीच, एनएचएम के मिशन संचालक ने शुक्रवार को सभी कलेक्टरों और सीएमएचओ को पत्र जारी कर हड़ताली कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके विरोध में कर्मचारियों ने शुक्रवार को उक्त आदेश की होली जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

## राजस्व मंत्री श्री वर्मा दौरा कार्यक्रम

सीहोर (निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 29 अप्रैल को भोपाल से प्रस्थान कर शाम 05:30 बजे सीहोर जिले के ग्राम झागरिया बिलकिसगंज पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा शाम 06:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## देवी अहिल्या के नाम से जाना जाएगा अब बस स्टैंड से आनंद डेरी जाने वाला रोड

सीहोर (निप्र)। अब बस स्टैंड से आनंद डेरी जाने वाला रोड का नाम भी बदल दिया है, जिसे अब इंदौर की लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम से जाना जाएगा। नगर पालिका ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा धनगर समाज के प्रदेशाध्यक्ष केशर सिंह बगोरिया, जिलाध्यक्ष राजकुमार धनगर, प्रदेश महासचिव आरके धनगर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मधुसुदन धनगर आदि की मांग पर शीघ्रता से अमल करते हुए बस स्टैंड से डेरी तक जाने वाले इस मार्ग का नाम लोकमाता के नाम होगा। साथ ही रोड़ के नए नाम के शिलापट का अनावरण भी कर दिया गया है। प्रदेशाध्यक्ष श्री बगोरिया ने बताया कि हमारे नपाध्यक्ष श्री राठौर से मांग की थी कि लोकमाता के नाम से मार्ग का नामाकरण किया जाए। हम सभी मांगों को नपाध्यक्ष ने पूर्ण किया है हम परिषद का आभार व्यक्त करते है। लोकमाता प्रदेश का गौरव थी। देवी अहिल्या बाई होलकर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारत की अमोल निधि है।

## शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान-आज किया जाएगा हनुमान चालीसा का पाठ

### 11 सौ से अधिक पार्थिव शिवलिंगों का किया गया अभिषेक

सीहोर (निप्र)। हर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है।



इसके अंतर्गत सोमवार को 11 सौ से अधिक पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया और यहां पर यजमानों और महिला मंडल के द्वारा दुध, दही और शहद आदि से अभिषेक किया। अभिषेक के दौरान समिति की ओर से पंडित कुणाल व्यास और मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य मौजूद थे। पंडित श्री व्यास ने कहा कि दुध, दही और शहद से अभिषेक करने से धन वृद्धि होती है। इसके साथ ही शहद से अभिषेक करने से पुरानी बीमारियां भी नष्ट हो जाती हैं। शहर को दूध और पानी में मिश्रित कर भगवान शंकर का अभिषेक करना चाहिए। दूध धर्म के और मन पर प्रभाव के दृष्टिकोण से सात्विक समझा जाता है।

## जिला रोजगार कार्यालय में काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञ के लिए आवेदन आमंत्रित

सीहोर (निप्र)। सीहोर जिला रोजगार कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये करियर काउंसलिंग योजना के तहत काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों के पैनल गठन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 09 मई 2025 है। चयनित काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञ को उनके गुणवत्ता के आधार पर प्रत्येक कार्य दिवस का एक हजार रूपये मानदेय दिया जाएगा। चयनित काउंसलरों एवं विशेषज्ञों को जिले के सभी विकासखण्डों के शासकीय कॉलेजों, स्कूलों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में काउंसलिंग प्रोग्राम आयोजित करने के लिए जाना होगा। इच्छुक आवेदक 09 मई को शाम 5:00 बजे तक अपने आवेदन कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 119 मे जमा कर सकते हैं एवं अन्य जानकारी के लिए भी संपर्क कर सकते हैं। काउंसलर के लिए स्नातकोत्तर डिप्लोमा इन गाइडेन्स एण्ड काउंसिलिंग अथवा मनोविज्ञान से एमए की उपाधि होना अनिवार्य है इसी प्रकार विषय विशेषज्ञ के लिए स्नातकोत्तर पीएचडी उपाधि होना अनिवार्य है।

# मुस्लिम समुदाय ने आतंकवाद का पुतला दहन कर जताया विरोध



सीहोर (निप्र)। स्थानीय तहसील चौराहा कस्बा सीहोर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आतंकवाद का पुतला दहन किया और आतंकियों को मरहूम करके फातेहा भी पड़ी। साथ ही हिंदुस्तान जिंदाबाद, हम सब एक हैं, हिंदू मुस्लिम सिख इसाई आपस में भाई-भाई, आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के गगनभेदी नारे लगाकर आतंकवाद का पुरजोर विरोध किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद शमीम अहमद, पूर्व पार्षद अशफाक खा, पार्षद मुस्तफा अंजुम, मंडलम अध्यक्ष नायब सर, पूर्व पार्षद साजिद शाह, मजहर खान, मज्जु नेता, साजिद अली, मोहसिन खान, अतहर खान, शाहज़ेब तारिक, समीर सामी, आसिफ पठान, आसिफ इंजिनियर, बिलाल मुकीम, शेख सईद भाई, हकीम भाई, सईद भाई, कबाड़ी आयाज मियां, फैलल, नावेद बब्बा, अता मजहर, आशिक, आदिल, समीर शेख के साथ ही मुस्लिम समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

## एनीमिया की रोकथाम के लिए विद्यार्थियों को खिलाई जाएंगी आयरन की गोलियां

सीहोर (निप्र)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया मुक्त भारत एवं सघन नेशनल आयरन प्लस इनिशिएटिव कार्यक्रम के तहत एनीमिया की रोकथाम के लिए जिले स्कूलों के 5 से 10 वर्ष के बच्चों एवं 10 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों को आईएफए गुलाबी एवं नीली गोली दी जाएगी। सीएमएचओ ने बताया कि शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों एवं अविभावकों को यह गोली देने से से पहले यह समझाइश दी जाएगी कि आयरन की यह गुलाबी एवं नीली गोली प्रत्येक मंगलवार को भोजन के घंटे उपरान्त दी जाये। आयरन की पूरी गोली का सेवन पानी या नींबू पानी के साथ किया जाये। इसके साथ ही भोजन तथा आयरन की गोली में उपलब्ध आयरन के अवशोषण के लिए भोजन के एक घंटे पहले एवं एक घंटे बात तक चाय, कॉफी, दूध, एवं सोडा युक्त पेय पदार्थों का सेवन न किया जाये।

# चार दिवसीय 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में उमड़ा आस्था का सैलाब

### आज किया जाएगा 24 हजार से अधिक दीप प्रज्जवलित कर महायज्ञ

सीहोर (निप्र)। 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के देवपूजन के साक्षी बने लगभग 400 जोड़ों को यज्ञ के दार्शनिक और वैज्ञानिक पक्ष की व्याख्या करते हुए हुए व्यास पीठ पर विराजमान ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली नायक सुश्री दीना त्रिवेदी ने कहा कि हमारे शास्त्रों में भारतीय संस्कृति के जनक यज्ञ पिता और गायत्री माता कहे गए हैं। सोमवार को सुबह पांच बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, सात बजे यज्ञ का ज्ञान-विधान, दोपहर दो बजे नवदंपति शिविर, दोपहर तीन बजे युवा जागरण एवं जैविक कृषि गोपालन पर विशेष उद्बोधन और शाम को छह बजे नारियों जागों स्वयं को पहचानों विशेष उद्बोधन किया गया। वहीं मंगलवार को मुख्य अतिथि शांतिकुंज-हरिद्वार



से आदरणीय शैफाली पंडया दीदी के द्वारा अपने उद्बोधन में राष्ट्र समर्थ और सशक्त कैसे बने सप्त आंदोलन के विषय पर चर्चा की जाएगी और शाम को 24 जार से अधिक दीप प्रज्जवलित कर महायज्ञ किया जाएगा। सोमवार को सुश्री दीना त्रिवेदी ने कहा कि अर्थात गायत्री से सदवुद्धि प्राप्त होने पर ही मानव सत्कर्म करने के लिए प्रेरित होता है.यही यज्ञ का दर्शन हैं। मनुष्य को जीवन देने वाले के प्रति और जीवन यापन के आवश्यक साधन सामग्री प्रदाताओं के प्रति कृतज्ञ होकर पूज्य भाव रखना और निरंतर देते रहना यज्ञ का दर्शन है।

यज्ञ कर्मकांड में देवपूजन और संगतिकरण भी आवश्यक रूप से जुडा हुआ है.उन्होंने कि आज मनुष्य की स्वार्थ और संकीर्ण विचाराधरा और भौतिकवादी सोच के फल स्वरुप चारों ओर जो असुरता और पर्यावरण असंतुलन का वातावरण बना हुआ उसके निवारण के लिए संगठित होकर देव तत्वों को पोषण देने की आवश्यकता है।

## धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लिए शोधित अध्यात्मिक प्रयोग है यज्ञ

सीहोर (निप्र)। 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के देवपूजन के साक्षी बने लगभग 400 जोड़ों को यज्ञ के दार्शनिक और वैज्ञानिक पक्ष की व्याख्या करते हुए हुए व्यास पीठ पर विराजमान ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली नायक सुश्री दीना त्रिवेदी ने कहा कि हमारे शास्त्रों में भारतीय संस्कृति के जनक यज्ञ पिता और गायत्री माता कहे गए हैं. अर्थात गायत्री से सदवुद्धि प्राप्त होने पर ही मानव सत्कर्म करने के लिए प्रेरित होता है.यही यज्ञ का दर्शन हैं. मनुष्य को जीवन देने वाले के प्रति और जीवन यापन के आवश्यक साधन सामग्री प्रदाताओं के प्रति कृतज्ञ होकर पूज्य भाव रखना और निरंतर देते रहना यज्ञ का दर्शन है. यज्ञ कर्मकांड में देवपूजन और संगतिकरण भी आवश्यक रूप से जुडा हुआ है.उन्होंने कि आज मनुष्य की स्वार्थ और संकीर्ण विचाराधरा और भौतिकवादी सोच के फल स्वरुप चारों ओर जो असुरता और पर्यावरण असंतुलन का वातावरण बना हुआ उसके निवारण के लिए संगठित होकर देव तत्वों को पोषण देने की आवश्यकता है. वेदमूर्ति श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा चलायी गई युग निर्माण योजना का लक्ष्य है कि हमारा समाज सुखी समुन्नत हो धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बने. मानव जीवन में संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दीना दीदी ने बताया कि माँ के गर्भ में जीव चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करता हुआ मानव योनि प्राप्त करता है उसके पिछले जीवन के कई जीव संस्कार जीवात्मा के साथ आते हैं उन्हें दूर कर श्रेष्ट संस्कार स्थापित करने के लिए ऋषियों ने 16 संस्कारों की परम्परा चलाई. आज 05 गर्भवती बहिनों के पुंसवन संस्कार सम्पन्न हुए. जिसमें गर्भवती माँ को अपनी सात्विक दिनचर्या के साथ, शारीरिक श्रम करने और तनाव मुक्त जीवनशैली अपनाने के बारे में समझाइस दी गई और कहा गया कि गर्भवती माता बहिंनों को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी के द्वारा चलाये जाने वाले ऑनलाइन क्लास के द्वारा गर्भ विज्ञान की पूरी जानकारी लेकर गर्भस्त भ्रूण को महामानव के रूप मे शिशु निर्माण कर सकती हैं।

समाज में नशे की दुष्प्रवृत्ति बढ़ती जा रहा है, जिससे फलती फूलती घर, गृहस्थियाँ उजड़ रही हैं और मनुष्य का स्वास्थ्य, एवं धन चौपट हो रहा है. मोबाइल का अधिक उपयोग भी एक नशा है जिसके कारण साइको सोमेटिक बीमारियां बढ़ रही हैं. हमें गजेट्स के अत्यधिक और अनावश्यक उपयोग से बचना होगा. उन्होंने होताओं से यज्ञ की पूर्णहुति के रूप में अपने दोष दुर्गणों को परित्याग कर देने का आव्हान किया।

# रामनारायण ताम्रकार पुनः ताम्रकार कसेरा समाज क़े राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए



सीहोर (निप्र)। कसेरा ताम्रकार ठठेरा समाज की प्रतिनधित्व सामाजिक राष्ट्रीय संघठन अखिल भारतीय हैहयवंशीय क्षत्रिय केंद्रीय संचालन समीति देहली की साधारण सभा की दिल्ली मे आयोजित बैठक मे सीहोर क़े अधिवक्ता रामनारायण ताम्रकार हैहयवंशी चुनाव प्रक्रिया मे पुन: राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अखिल भारतीय हैहय वंशीय क्षत्रिय केंद्रीय संचालन समिति ताम्रकार, कसेरा, ठठेरा, कंसारा टमटा, कसारा आदि नाम से जाने वाली जातियों का 106 साल पुराना राष्ट्रीय संघठन है जिसका मुख्यालय दिल्ली है. हर 3 साल में केंद्रीय संचालन समिति के चुनाव होते हैं वर्तमान में सीहोर के रामनारायण ताम्रकार ही राष्ट्रीय अध्यक्ष थे. 27 अप्रैल को दिल्ली में एक दिवसीय महासभा का आयोजन किया गया था जिसमें मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश बिहार दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए चुनाव प्रक्रिया एक महा पहले से प्रारंभ की गई थी 20 अप्रैल तक नॉमिनेशन जमा होने थे 27 अप्रैल को मतदान निश्चित था राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दो नामांकन प्रस्तुत हुए थे दोनों प्रत्याशियों ने अपनी कार्य योजना प्रस्तुत प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद साधरण सभा ने हर्ष ध्वनि से सीहोर के राम नारायण ताम्रकार हैहयवंशी को 3 साल के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया. साधारण सभा की अध्यक्षता संरक्षक आरबी प्रसाद ने की. सभी पदाधिकारी ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण ताम्रकार का पुष्प मालाओ से स्वागत किया निर्वाचित अध्यक्ष रामनारायण ताम्रकार ने अपनी कार्य योजना प्रस्तुत की. आरंभ में भगवान श्री राजराजेश्वर की पूजन अर्चना के साथ आरती की गई इसके अलावा कश्मीर में हुए नरसंहार की निंदा करते हुए मृतकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए 1 साल की अवधि में जो है।

## कांग्रेस जिला सचिव माखन सिंह सोलंकी ने फुले फिल्म को टेक्स मुक्त कराने की सरकार से की मांग

### टेक्स मुक्त होने से हर नागरिक फुले फिल्म को देखकर होगें जागरूक-माखन सिंह सोलंकी

सीहोर (निप्र)। कांग्रेस जिला सचिव माखन सिंह सोलंकी ने भारत सरकार की से मांग की है कि महाराष्ट्र के ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्री फुले की जीवनी पर बनी फिल्म फुले को टेक्स मुक्त किया जावे। चूंकि यह फिल्म पूर्णतः व्यावसायिक फिल्म नहीं है। यह फिल्म निम्न वर्ग के लोगों को जागरूक करने वाली फिल्म है। इसमें आम हिंदी फिल्मों जैसा गाना, बजाना और धूम धड़ाका नहीं है। ये सिर्फ सच्ची घटनाओं को सहारा बनाकर आगे बढ़ती है।



उक्त फिल्म में फुले ने पिछड़ों व दलितों के एका के बूते आजादी की लड़ाई लडने़ की बात उन्होंने कही और इसके लिए जरूरी थी समाज में समानता और शिक्षा के अधिकार की लड़ाई। फिल्म में यह बताया गया कि पूर्व में पिछड़ों, दलितों एंव महिलाओं को शिक्षा का अधिकार नही था। जिसके लिये फुले दम्पत्ति ने काफी संघर्ष किया और उन्हें शिक्षा का अधिकार दिलाया, जिस पर फुले के पिता ने फुले दम्पत्ति को घर से भी बाहर निकाल दिया परन्तु फुले दम्पत्ति ने पिछड़ी, शोषित समाज के लोगों व महिलाओं शिक्षा प्रदान करना नही छोड़ा। सावित्रिबाई फुले जब पढ़ाने जाती थी तो लोगों द्वारा उनकी साड़ी पर कीचड़ गोबर फैका जाता था, जिसके कारण वह एक साड़ी बेग में रखकर ले जाती थी और स्कूल में बदलकर शिक्षा देती थी तथा पुन- जब वापस घर लोटती थी तो वही गंदी साड़ी पहनकर घर आती थी। विधवाओं का पुर्नविवाह की भी फुले पक्षधर थी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com